Follow us on :
bharatbhaskar.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# भारत भास्कर
हर खबर का असर
डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023
● वर्ष : 15 ● अंक-237 ● रायपुर, मंगलवार 26 सितम्बर 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
भाद्रपद शुक्ल पक्ष
पक्ष- एकादशी

**सुविचार**

आप जो कर रहे हैं उसमें अगर खुशी मिलती है तो एक दिन सफलता आपके कदम चूमेगी।
-स्वदेश तिवारी


3
स्कूलों में बच्चों को नशामुक्त बनाने के लिए प्राचार्यों को दिए गए प्रशिक्षण...


5
जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह एकता का संदेश लेकर सत्यनगर से पहुंचे कसकेला


7
ई-जनचौपाल में 64 आवेदन प्राप्त, निराकरण हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस सरकार बनने पर घोटालों की जांच युवाओं से करवाऊंगा

**इंदौर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने गत दिवस इंदौर में आयोजित बेरोजगार महापंचायत में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर नया दौर लेकर आएगा। इंदौर में मप्र ही नहीं, बल्कि देश की निवेश राजधानी बनने की ताकत है। कांग्रेस यह सपना पूरा करके दिखाएगी, ये मेरी गारंटी है। इंदौर को स्टार्टअप का इंटरनेशनल हब बनाएंगे। राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में कमलनाथ ने कहा कि पहले भी लोगों को छिंदवाड़ा मॉडल के बारे में नहीं पता था और आज भी उन्हें छिंदवाड़ा के विकास के बारे में नहीं पता है। मैंने युवाओं से कहा है कि प्रतिनिधिमंडल बनकर छिंदवाड़ा जाओ वहां देखकर आओ। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का दावा करते हुए कहा क प्रदेश में जितने भी घोटाले हुए हैं चाहे पटवारी घोटाला हो या कोई भी दूसरा घोटाला हो उसकी जांच सरकारी अधिकारियों से नहीं आप युवाओं से करवाऊंगा।

### सांप के डसने से दो सगे मासूम भाइयों की मौत

**रायबरेली।** सलोन कोतवाली क्षेत्र के गनेशीगंज गांव में दो बालकों की सांप के डसने से मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। बच्चों ने जब दर्द की शिकायत की तो परिजन झाड़फूंक कराने के चक्कर मे फंसे रहे। एक बच्चे की मौत के बाद दूसरे की हालत बिगड़ने पर बच्चे को परिजन डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाते समय दूसरे किशोर की भी मौत हो गई। गनेशीगंज मजरे पृथ्वीपुर निवासी शिवकुमार अग्रहरि उर्फ पप्पू का बड़ा लड़का मयंक(12) और यश(10) दोनों शनिवार की रात खाना खाने के बाद बरामदे में तख्त पर सो गए थे ।जबकि पिता बच्चों के साथ ही बगल में खाट डाल कर सो गया। कमरे में शिवकुमार की पत्नी पुष्पा और सबसे छोटा लड़का वशु(4)सो रहे थे। शनिवार की रात लगभग 12 बजे अचानक यश चीखने लगा। पूछने पर परिजनों को बताया कि किसी जंतु ने उसके बाए हाथ की अंगुली में काट लिया है। परिजन उसे लेकर गांव में झाड़ फूंक करने वाले के पास लेकर गए। वहीं इस घटना के करीब दस मिनट बाद बड़े लड़के मयंक के दाहिने हाथ की बाजू में सांप ने डस लिया।

राहुल गांधी तथा मुख्यमंत्री बघेल बिलासपुर में आयोजित 'आवास न्याय सम्मेलन' में हुए शामिल, ''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' का किया शुभारंभ

# जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे, इसके आंकड़ों से ही सबके विकास की बना सकते है उचित रणनीति - सांसद राहुल गांधी








- आवास न्याय योजना से चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार हितग्राहियों होंगे लाभान्वित
- प्रथम चरण में 47 हजार 90 आवासहीन परिवार और पीएमएवाय की स्थाई प्रतीक्षा सूची के 6,99,439 परिवार हुए लाभांवितरू हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त की राशि जारी
- आवास बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार देगी राशि
- सभी के मकान का सपना होगा पूरा - मुख्यमंत्री बघेल

**श्याम कोरी**

**बिलासपुर/** सांसद श्री राहुल गांधी ने कहा है कि जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। जिस तरह एक्सरे के उपयोग से हम शरीर के बारे में जान सकते हैं और खामियां जानकर उसे दुरूस्त कर सकते हैं उसी प्रकार से जातिगत जनगणना के आंकड़ों से हम सभी वर्गों के विकास के लिए बेहतर रणनीति बना सकते हैं। सांसद श्री राहुल गांधी आज बिलासपुर के परसदा में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सांसद श्री राहुल गांधी और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना' का शुभारंभ किया।

गरीबों को आवास दिलाने की छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना से चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार आवासहीन परिवार लाभान्वित होंगे। सांसद श्री राहुल गांधी ने रिमोट का बटन दबाकर सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों और पीएमएवाय की स्थाई प्रतीक्षा सूची के 6,99,439 परिवारों के खाते में प्रथम किश्त की राशि का हस्तांतरण किया।

''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' के 47 हजार 90 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। कार्यक्रम में ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के 500 हितग्राहियों के खाते में एक-एक लाख रूपए की राशि का हस्तांतरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा बिलासपुर जिले को 669 करोड़ 69 लाख रुपए के 414 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी दी गई। साथ ही चयनित 2594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। नगरीय क्षेत्रों में 1117 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र भी वितरित किया गया। साथ ही स्वसहायता समूह द्वारा संचालित गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ भी किया गया।

सांसद श्री राहुल गांधी ने कहा कि देश में विकास करना है तो जातिगत जनगणना के माध्यम से देश की तस्वीर जाननी होगी। ओबीसी कितने हैं, आदिवासी कितने हैं, सामान्य वर्ग के लोग कितने हैं और इनकी स्थिति कैसी है। इसका निर्धारण कर हम सभी के विकास के लिए योजनाएं बनाएं। इस बात की माँग हम लंबे समय से करते आ रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि आज एक बटन दबाते ही आप सभी के खाते में आवास योजना की राशि हस्तांतरित हुई है। छत्तीसगढ़ की सभी न्याय योजना की किश्त हम इसी तरह आप सभी के सामने अंतरित करते हैं और एक दो सेकेंड के भीतर ही राशि आपके हाथों में चली जाती है। श्री गांधी ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वायदे किए थे। उन सभी को पूरा किया। बिजली बिल हाफ, धान का उचित दाम, कर्जमाफी सारे वायदे पूरे किये। किसान न्याय योजना में हमने 21 हजार करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिये। जिन भूमिहीन श्रमिकों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें 7 हजार रुपए हर साल दे रहे हैं। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वनाधिकार दिये गये। स्वास्थ्य में पांच लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा दी गई, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। एक लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है।

सबसे पहले राजीव जी ने आरंभ की थी आवास योजना- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गरीबों को आवास दिलाने सबसे पहले 1985 में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने योजना शुरू की थी। उन्होंने इस योजना का नाम रखा इंदिरा आवास। जनगणना नहीं होने की वजह से कई पात्र हितग्राहियों को भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। अभी जितने आवास मिल रहे हैं 2011 की जनगणना के आधार पर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी राहुल जी ने बटन दबाया और हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। एक लाख हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। राहुल जी हमेशा किसान, गरीब की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। उनके हक की बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार राहुल जी रायपुर युवा सम्मेलन में भाग लेने आये थे। आज आवास न्याय सम्मेलन में भाग लेने बिलासपुर आए हैं। आज हमने पहली किश्त जारी की है शेष किश्त भी समय-समय पर जारी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी अन्याय होता है वहां राहुल जी खड़े होते हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक उन्होंने पदयात्रा की। आज राहुल जी ने गरीब लोगों के खाते में पैसा डाला है। इसके बाद खड़गे जी 28 तारीख को आयेंगे और किसानों के खाते में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त जारी करेंगे। बेरोजगारी भत्ता भी 28 तारीख को हम देंगे। भूमिहीन न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों की किश्त भी हम इसी 28 तारीख को देंगे। हम हर महीने बटन दबा रहे हैं और आप के खाते में पैसे डाल रहे हैं।

सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रवींद्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, सांसद श्री दीपक बैज ने भी संबोधित किया।

आवास न्याय सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश के गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्रकुमार, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री अमरजीत भगत, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री श्री मोहन मरकाम, सांसद बिलासपुर श्री अरूण साव, सांसद कोरबा श्री ज्योत्सना महंत, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, विधायक श्री शैलेष पाण्डेय उपस्थित रहे।

कौशल विकास घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू कल अपनी याचिका का करें उल्लेख

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से कल अपनी याचिका का उल्लेख करने को कहा। नायडू ने कथित कौशल विकास घोटाला मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए तत्काल सुनवाई की मांग वाली अपनी याचिका का उल्लेख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के वकील से कौशल विकास घोटाला मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग वाली अपनी याचिका का 26 सितंबर को उल्लेख करने को कहा। नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने याचिका पर तत्काल सुनवाई का जैसे ही उल्लेख करने की कोशिश की (जो उल्लेख सूची में सूचीबद्ध नहीं थी) पीठ ने उनसे कल इसका उल्लेख करने को कहा। लूथरा ने पीठ को बताया कि मामला आंध्र प्रदेश राज्य से संबंधित है जहां विपक्ष पर अंकुश लगाया जा रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उल्लेख सूची में कल आएं। नायडू ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एफआईआर रद्द करने से इनकार कर दिया। वर्तमान में विपक्ष के नेता और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नायडू ने अपने खिलाफ कार्रवाई को शासन का बदला लेने। और सबसे बड़े विपक्ष 'तेलुगु देशम पार्टी' को सत्ता से हटाने का एक सुनियोजित अभियान बताया।

## नाना पाटेकर ने बताया एक्टर होने का सबसे बड़ा फायदा

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्टार नाना पाटेकर, जो आगामी फिल्म द वैक्सीन वॉर में नजर आएंगे, का कहना है कि अभिनेता होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उनके पास कैमरे की मदद से अपनी निराशा को बाहर निकालने का एक तरीका है। दिल्ली में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए नाना ने अभिनेता होने के फायदे बताए। उन्होंने कहा, एक अभिनेता होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि हमारे पास कैमरे की मदद से अपनी निराशा को बाहर निकालने का एक तरीका है। अगर मेरे पास यह माध्यम नहीं होता तो मैं पागल हो गया होता। वैसे भी मुझे पागल कहा जाता है। नाना से साउथ की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'काला' मैंने हिंदी में की थी और फिर तमिल में डब किया था।

लोकसभा चुनाव के लिए नीतीश ने बनाया मास्टरप्लान

## गांव- गांव टोलियों की शक्ल में पहुंचेगी जेडीयू की टीम-नीतीश..

**पटना/ संवाददाता**



2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों की तारीख धीरे-धीरे नजदीक आने लगी है। सभी राजनीतिक दल जनता के बीच जाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जेडीयू ने भी आम चुनावों को लेकर अपना शुरूआती मास्टरप्लान बना लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जदयू के विधानसभा प्रभारी, मंत्रियों और अन्य पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनावों को केंद्र में रखकर एक बैठक की। सीएम हाउस में हुई इस बैठक में तय हुआ कि आने वाले दिनों में जेडीयू भाजपा और मोदी सरकार पर और अधिक आक्रामक होगी। जदयू की टीम गांव-गांव टोलियों की शक्ल में पहुंचेगी। यह टोली केंद्र सरकार की असफलताओं के बारे में लोगों को बताएगी। इस दौरान जदयू द्वारा तैयार किया जा रहा एक बुकलेट भी लोगों के बीच वितरित होगा। बुकलेट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों का जिक्र है। जदयू के विधानसभा प्रभारियों व मंत्रियों की बैठक में यह तय हुआ कि पार्टी के लोग आम लोगों के बीच जाकर यह बताएं कि भाजपा नेतृत्व ने चुनाव के पहले लोगों से जो वादे किए थे उन पर कोई काम नहीं हुआ। इसके अलावा केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए जिन योजनाओं की शुरूआत किया वह किस तरह से फेल हो गए। जिस वर्ग के लिए योजनाएं बनीं उनके बीच जाकर यह बातें होंगी। यह तय हुआ कि नीतीश कुमार की सरकार के दौरान जिन-जिन क्षेत्रों में काम हुए हैं।

भारतीय वायुसेना के लिए नए युग की शुरुआत

## आईएएफ की रीढ़ बनेगा सी 295 विमान-भदौरिया



**गाजियाबाद।** सी-295 विमान भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन गया है। पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) आरकेएस भदौरिया ने सी-295 के भारतीय वायुसेना में शामिल होने को एक नया युग बताया है। आरकेएस भदौरिया ने सोमवार को कहा कि सी-295 विमान का भारतीय वायुसेना का हिस्सा बनना एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह विमान आने वाले समय में वायुसेना की रीढ़ बन जाएगा। समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत के दौरान पूर्व वायुसेना प्रमुख भदौरिया ने कहा कि यह विमान अत्याधुनिक और सक्षम है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय वायुसेना के लिए एक ऐतिहासिक है। सी-295 टेक्निकल मिलिट्री एयरलिफ्ट विमान का वायुसेना में शामिल होना एक नए युग की शुरुआत है। पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सी-295 विमान भारतीय वायुसेना के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा।

पीएम बोले-मैं हवा में बात नहीं करता हूं

# घमंडिया गठबंधन सनातन को मिटाना चाहता है-पीएम

- जहां सरेआम गला काटने की घटनाएं, वहां निवेश कैसे'; पीएम मोदी का गहलोत सरकार पर हमला

**जयपुर/ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के दौरे पर हैं। पीएम राज्य की राजधानी जयपुर के पास एक गांव में 'परिवर्तन संकल्प महासभा' को संबोधित किया। अगले कुछ महीनों में प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। पीएम मोदी के इस दौरे को प्रदेश चुनावों से जोड़कर भी देख जा रहा है। कई मायनों में कहा जा सकता है कि पीएम ने राजस्थान में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि वो हवा-हवाई बातें नहीं करते, क्योंकि मोदी के पांव पूरी मजबूती से जमीन पर ही रहते हैं। इसलिए बीते 9 वर्षों में हमने सामान्य से सामान्य लोगों की छोटी से छोटी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम चला रहे हैं, राजस्थान इसका बड़ा लाभार्थी है। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों में कांग्रेस ने सुविधाओं का निर्माण नहीं किया। कांग्रेस वाले कहते थे कि सीमाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बनना चाहिए, इससे दुश्मन को अंदर आने में आसानी हो जाएगी। कांग्रेस की इस नीति का हमें बड़ा नुकसान हुआ है। लेकिन भाजपा सरकार अब सीमावर्ती गांवों का विकास कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो कांग्रेसी आज महिला आरक्षण की बात कर रहे हैं, ये काम वो 30 साल पहले कर सकते थे। जब-जब मौका मिला तब कर सकते थे। लेकिन सच्चाई ये है कि कांग्रेसी कभी चाहते ही नहीं थे कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिले। पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद पेपर लीक माफिया पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां कदम-कदम पर करप्शन है। लाल डायरी में काली करतूतें हैं, हर कोई कट और कमीशन में व्यस्त है। मैं चाहता हूं की राजस्थान में निवेश बढ़े, यहां नए कारखाने लगें, नई फैक्ट्रियां लगें, ये जरूरी है। लेकिन यहां सरेआम गला काटने की घटनाएं हो रहीं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं जयपुर ऐसे समय में आया हूं, जब देश का गौरव नए आसमान पर है। आज पूरी दुनिया में भारत के सामर्थ्य की वाह-वाही हो रही है। हमारा चंद्रयान वहां पहुंचा, जहां दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच पाया। प्रतिशत 20 में भारत की सफलता से भारत के विरोधी देश भी हैरान हैं, परेशान हैं। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति पाने का बिगुल फूंक दिया है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस ने जिस तरीके से यहां सरकार चलाई है, वह जीरो नंबर पाने लायक है। गहलोत सरकार ने यहां के युवाओं के 5 महत्वपूर्ण वर्ष बर्बाद कर दिए। इसलिए राजस्थान के लोगों ने ठान लिया है कि कांग्रेस सरकार को हटाएंगे और भाजपा को वापस लाएंगे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत प्रदेश के लोगों को नमन करने के साथ की।





# पहली बार रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना ने अपने सोशल मीडिया पर आज सुबह एनीमल के टीजर की रिलीज डेट अनाउंस की हैं। 28 सितंबर सुबह 10 बजे इस फिल्म का टीजर रिलीज होगा। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन लिखा-आपकी गीतांजली। ये फिल्म 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। संदीप रेड्डी वांगा की इस फिल्म में रणबीर कपूर का खूंखार अंदाज देखने को मिलेगा। फिल्म में रणबीर कपूर के साथ रश्मिका मंदाना पहली बार नजर आएंगी।

### रणबीर कपूर का खतरनाक अंदाज एनीमल में दिखेगा

फिल्म के प्री-टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म सुर्खियों में आ गयी थी। प्री-टीजर में रणबीर कपूर को खतरनाक अंदाज में कुल्हाड़ी लिए दिखाया गया था। पंजाबी म्यूजिक से शुरुआत हुए इस प्री-टीजर में लोग गोल्डन कलर के मास्क पहने नजर आए थे। रणबीर इसके पहले आलिया भट्ट के साथ ब्रह्मास्त्र में दिखे थे। उनकी आने वाली फिल्म एनीमल संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं जिन्होंने साल 2019 की सबसे सफल फिल्मों में से एक कबीर सिंह बनाई थी।

### रश्मिका मंदाना फिल्म में गीतांजली बनेंगी

रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। रश्मिका ने पोस्ट शेयर करते वक्त फिल्म में अपने किरदार का नाम गीतांजली भी लोगों के साथ शेयर किया। इस पोस्ट में रश्मिका मंगलसूत्र पहने रेड बॉर्डर की साड़ी में नजर आ रही हैं। रश्मिका की आने वाली फिल्मों में एनीमल और अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा-2 शामिल हैं।

### अनिल कपूर भी फिल्म में दिखेंगे

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने अपने सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर,



अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना के पोस्टर शेयर किए हैं। फिल्म में रणबीर कपूर के पिता का किरदार निभाने वाले अनिल कपूर का भी झकास लुक दिख रहा है। आजकल के मौजूदा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखते हुए इस फिल्म से अच्छी कमाई की उम्मीद जरूर की जा सकती है।



# वरुण ने फिल्म इंडस्ट्री को वेलकमिंग बताया, शिद्दत से काम करने वालों की यहां हमेशा जगह है

8 सितंबर को फुकरे-3 सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म के डायरेक्टर मृगदीप सिंह लांबा हैं जिन्होंने फुकरे और फुकरे रिटर्न्स भी बनाई थी। इंटरव्यू के दौरान ऋचा चड्ढा ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में ऑडिशन से काम जरूर मिलता है। वरुण शर्मा ने अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए इंडस्ट्री को बहुत वेलकमिंग बताया।

### फुकरे-3 में है दिल्ली की फील

फुकरे-3 के आने पर वरुण शर्मा ने अपना एक्साइटमेंट जाहिर किया और कहा, चूंकि लोगों को फिल्म फुकरे और फुकरे रिटर्न्स इतनी पसंद आई थी कि एक्स्पेक्टेशन लाजमी है। दर्शक तीसरे भाग में लाफ्टर और मजा चाहते हैं जैसा उन्होंने फुकरे की फेंचाइजी में हमेशा देखा है। इसलिए हम सब में प्रेशर से ज्यादा एक्साइटमेंट है। फुकरे-3 के नरेशन के बारे में वरुण ने बताया कि फिल्म में वही किरदार, वही माहोल, वही दिल्ली की फील है। एक नए गॉड के गिफ्ट के जरिए उनकी जिंदगी में क्या-क्या बदलाव आते हैं- ये भी बहुत रोमांचक तरीके से दिखाया है।
फुकरे ने कॉमेडी की राइटिंग बदल दी
फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए बदलाव के बारे में वरुण शर्मा ने अपना फिल्मी सफर का एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में बहुत वेलकमिंग लोग हैं। अगर आप काम में अच्छे हैं, टैलेंटेड हैं, फोकस्ड हैं और शिद्दत से काम करते हैं, तो आपकी यहां हमेशा जगह है। आगे पुलकित सम्राट ने फिल्म दिल चाहता है का जिक्र करते हुए कहा, कैसे इस फिल्म ने पूरी इंडस्ट्री की राइटिंग बदल दी। फिर उसी प्रोडक्शन हाउस से आई फुकरे ने कॉमेडी की राइटिंग बदल दी।

### ऋचा चड्ढा को है ऑडिशन पर भरोसा

ऋचा चड्ढा ने अपने फिल्मी सफर की जर्नी शेयर करते हुए कहा, ऑडिशन से आए हैं हम लोग।अब तक सफर अच्छा रहा है। इसमें बहुत सारी फिल्में, नाटक, गलतियां और खुशियां रहीं है। अगर आप टैलेंटेड हैं, प्रोफेशनल हैं, काम अच्छे से करते हैं, समय से आते हैं, लोगों से तमीज से बात करते हैं तो कोई आपको रोक नहीं सकता। मनजोत सिंह जो कि अपने लाली के किरदार से पॉपुलर हुए, उन्होंने कहा, बहुत अच्छा लगता है जब लाइफ में जो सोचा नहीं वो चीजें मिल जाती हैं। काफी खुशी होती है जब ऑडियंस का प्यार मिलता है। मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि फुकरे मेरी लाइफ में आई। कितना अच्छा लगता है जब मैं अपने कैरेक्टर लाली के नाम से जाना जाता हूं। लोग पीछे से चिल्लाते हैं लाली भाई, एक फोटो हो जाए।

# अपनी सोच के चलते मुझे काम मिलने में दिक्कत हुई थी

**जाने-माने एक्टर मोहम्मद जीशान अय्यूब को पिछले दिनों कुछ मसलों पर अपनी राय रखने के चलते काम मिलने में परेशानी हुई थी। पिछले दिनों फिल्म हड्डी के प्रमोशन के सिलसिले में जीशान ने बताया कि अब उन्हें फिर से काम मिल रहा है।**

### आपके चाहने वालों की शिकायत है कि आजकल आप कम प्रोजेक्ट्स में नजर आते हैं? आप क्या कहेंगे?

(हंसते हुए) बहुत ज्यादा अगर दिखने लगे तो हो सकता है कि अब जो फैन हैं, फिर शायद वो भी ना रहें। इसलिए मुझे ज्यादा एक्सपोज भी नहीं होना। दरअसल इसमें मेरी बहुत ज्यादा गलती नहीं है। मुझे लगता है कि इसमें डायरेक्टर्स व प्रड्यूसर्स की गलती शायद ज्यादा है। मुझे ज्यादातर कायदे वाला काम आता है और मैं उसे ही हां बोलता हूं। अगर डायरेक्टर्स कायदे का काम नहीं दे रहे हैं, तो मैं उसे ज्यादा नहीं करता।

### क्या आप इस बात से सहमत हैं कि आपको कम काम मिलने की वजह आपका सामाजिक मसलों को लेकर मुखर होना है?

मुझे लगता है कि इतना समझदार तो हर कोई होता है कि किसी मुद्दे पर अपने विचार रखने से पहले आपको पता होता है कि इसका असर मुझ पर भी पड़ने वाला है। इसके बावजूद आप अपनी राय रखते हैं। इसका मतलब यह होता है कि आपके लिए वह बात कहना ज्यादा महत्वपूर्ण था बजाय इसके कि उसे कहने से आपको थोड़ा बहुत नुकसान हो सकता है। मुझे यह भी लगता है कि जिन लोगों को इस सब से ज्यादा समस्या है, उनकी गिनती बहुत कम है। यह अच्छा ही है। उन लोगों से दूर रहना चाहिए। बीच में एक वक्त आया था, जब अपनी राय रखने की वजह से मेरा काम आगे-पीछे हो रहा था, लेकिन उस दौर को भी दो-ढाई साल हो गए हैं। अब मुझे जो काम मिल रहा है, वह मेरी पॉलिटिकल सोच नहीं, बल्कि मेरे अभिनय की योग्यता के चलते मिल रहा है।


### फिल्म हड्डी में आप एक दिव्यांग किरदार में हैं। कितना चुनौतीपूर्ण होता है इस तरह के किरदार को पर्दे पर निभाना?

अपने रोल को मैं उस तौर पर तो चुनौतीपूर्ण नहीं कहूंगा। एक अंडरस्टैंडिंग को लेकर मेरी और फिल्म के डायरेक्टर अक्षत की बात हुई थी कि रोल को सादा रखना है, जिसमें थोड़ी मेहनत लगती है। मुझे बस यह याद रखना था कि इसमें बिना बात का स्टाइल या एटीट्यूड जैसा एक्सट्रीम इमोशन नजर ना आए। एक सीधा आदमी है वह तो आपको उस किरदार से प्यार हो, अच्छा किरदार लगे हमने ऐसी ही कोशिश की है।




# शाहरुख ने बताया क्यों खास होगी डंकी

बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान अपने फैंस और फॉलोअर्स के साथ बातचीत करने के लिए अक्सर अपने सोशल मीडिया पर आस्क एसआरके सेशन होस्ट करते हैं। हाल ही में, उन्होंने ऐसे ही एक इंटरैक्टिव सेशन की मेजबानी की, जहां उनसे जवान, फैनमेड मीम्स और उनकी अपकमिंग फिल्म डंकी के बारे में कई सवाल पूछे गए। इस दौरान, एक फैन ने शाहरुख से पूछा कि जवान की भारी सफलता के बाद डंकी क्या खास लेकर आएगी और बॉलीवुड के बादशाह ने मजेदार जवाब दिया। आस्क एसआरके के दौरान शाहरुख खान के एक फैन ने पूछा, मैसी क्लासी सब हो गया सर डंकी मैं ऐसा क्या होने वाला है.. जिस पर शाहरुख ने सॉलिड जवाब देते हुए कहा, डंकी में राजू हिरानी हैं!!! और क्या चाहिए!! शाहरुख के इस जवाब पर रिएक्ट करते हुए, एक फैन ने लिखा, डंकी - एसआरके और आरकेएच कॉम्बो (फायर इमोजी)। एक और ने कमेंट किया, राजू हिरानी और शाहरुख खान का एक ड्रीम कॉम्बिनेशन जो हम हमेशा से चाहते थे। डंकी के लिए शाहरुख को हिरानी के साथ काम करते हुए देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हैं। जवान के पोस्ट रिलीज इवेंट में डंकी के बारे में बोलते हुए, शाहरुख ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी की रिलीज डेट की कन्फर्म की थी। उन्होंने बताया था कि यह फिल्म इसी साल 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। डंकी वास्तव में एक बहुत ही खास फिल्म है जो शाहरुख और राजू हिरानी के बीच पहले सहयोग का प्रतीक है। इस साल क्रिसमस पर सिनेमाघरों में आने वाली इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू होंगी।





# बहन परिणीति चोपड़ा की शादी में शरीक नहीं होंगी प्रियंका चोपड़ा

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा 24 सितंबर को आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद राघव चड्ढा से शादी करने जा रहे हैं। तैयारियां पूरी गई हैं। प्री-वेडिंग सेरेमनी भी अधिकतर हो गई हैं। मेहमान भी समारोह में शामिल होने के लिए राजस्थान के उदयपुर पहुंच चुके हैं। लेकिन बस जिनका इंतजार है, वह ही नहीं आ रही हैं। एक्ट्रेस की बड़ी बहन प्रियंका चोपड़ा ने एक लेटेस्ट पोस्ट किया है, जिसमें वो इस बात की तरफ इशारा कर रही हैं, वो छुटकी की शादी में नहीं आएंगी। अब उस पोस्ट में क्या है, आइए बताते हैं। जैसा कि मालूम है कि प्रियंका चोपड़ा अपनी चचेरी बहन की सगाई में आई थीं। वह इस इवेंट में शामिल होने के लिए बेटी मालती के साथ पहुंची थीं। लोग उम्मीद जता रहे थे कि वह शादी में भी आएंगी और सारी रस्में करेंगी। लेकिन ऐसा नहीं होगा। शायद इसीलिए एक्ट्रेस ने अब इंस्टाग्राम पर परिणीति चोपड़ा को उनके नए सफर के लिए ढेर सारी बधाई दी है। प्रियंका चोपड़ा ने बहन परिणीति की एक हंसती-मुस्कुराती फोटो शयर कर लिखा है, मुझे उम्मीद है कि तुम अपने बड़े दिन पर भी इसी तरह खुश और संतुष्ट होगी। मैं तुम्हारे लिए हमेशा ढेर सारा प्यार चाहती हूं। हैशटैग न्यू बिगनिंग। रेड हार्ट इमोजी के साथ एक्ट्रेस ने राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा को टैग किया है। अब इस पोस्ट से एकदम साफ है कि वह विदेश से अपनी बहन की शादी में शामिल नहीं हो सकेंगी। लेकिन इनकी मां मधु चोपड़ा सभी फंक्शन्स अटेंड करेंगी।

# सिंघम अगेन में नजर आएंगी करीना कपूर

रोहित शेट्टी की हिट फेंचाइजी सिंघम के तीसरे पार्ट सिंघम अगेन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ अक्षय कुमार, करीना कपूर, श्वेता तिवारी और रणवीर सिंह नजर आने वाले हैं। करीना कपूर सिंघम रिटर्न्स में अजय देवगन की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन की शूटिंग शुरू कर दी है। हालांकि सिंघम अगेन में करीना होगी या नहीं, इसपर सस्पेंस बरकरार है। करीना कपूर ने हिंट दिया है कि वह सिंघम अगेन का हिस्सा होंगी। करीना ने कहा, मैं एक ऐसे फेज में एंटर कर रही हूं जो अनजान है लेकिन मैं सुपर सुपर उत्साहित हूं। करीना ने कहा, मैं सिर्फ तलाश करना चाहती हूं, यह सफलता या विफलता के बारे में नहीं है...यह बॉक्स ऑफिस नंबरों के दबाव के बारे में नहीं है। वहां द क्रू होगा और वहां सिंघम होगा और वहां वह सब होगा जो सर्वोत्कृष्ट नायिका और बेबो है। लेकिन मैं सिर्फ एक अभिनेता के रूप में खुद को तलाशना पसंद कर रही हूं। एक्ट्रेस ने कहा, अब, यह स्टारडम के बारे में नहीं है। मैं अब स्टारडम नहीं करना चाहती। मैं हमेशा से कैमरे के सामने रहना चाहती थी और एक अभिनेता के रूप में अपनी पहचना बनाना चाहती थी और यही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुझे लगता है कि मैं शायद इस समय अपने करियर का सबसे अच्छा समय बिता रही हूं और इसके साथ अगली दो फिल्में चाहे वह जाने जान हो या द बकिंघम मर्डर्स।



## सार-समाचार

### छ.ग. संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने पुष्पराज पांडेय

नन्दू यादव



**सूरजपुर भारत भास्कर** विकासखंड प्रेमनगर में शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों के संपादन हेतु अहम भूमिका निभाने वाले संकुल शैक्षिक समन्वयकों (छ्त्ट) के प्रांताध्यक्ष श्री पूर्णानंद मिश्रा, सरगुजा संभाग प्रभारी श्री ब्रिजराज तिवारी के निर्देशानुसार , जिला समन्वयक संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष राजकुमार सिंह ,धर्मपाल सिंह प्रतापपुर, उपाध्यक्ष लुकेशश्वर सिंह ,संतोष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष विनय चौरशिया की उपस्थिति में ब्लॉक कार्यकारिणी विस्तार हेतु प्रेमनगर के समन्वयकों का बैठक आहूत की गई। बैठक में समन्वयक संघ प्रेमनगर का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष विजय साहू, सचिव रामलल्लू साहू, कोषाध्यक्ष विजय त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मुनेश्वर सिंह एवं संजय जायसवाल को नियुक्त किया गया । बैठक के दौरान जिले के प्रतिनिधि में जिला मीडिया प्रभारी के रूप में मुकेश दुबे ,एवं जिला कार्यकारिणी में कमलेश यादव को सामिल करने की घोषण की गई। अपने उदबोधन में जिलाध्यक्ष ने एकता में ही बल है卐 को परिभाषित करते हुए संघ में विश्वास बनाएं रखने हेतु अपील किए। ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज पांडेय ने अपने उदबोधन में संघ के प्रति निष्ठा रखते हुए सभी के सहयोग से कार्य करने की बात कही। इस दौरान प्रेमनगर के समन्वयक बंसबहादुर सिंह, रामस्नेही साहू, खेलावन सिंह,कमलेश यादव,अरविंद पांडेय अमरजीत यादव, अजय गुप्ता, सतीश साहू,मुकेश दुबे, शान्तनु पाण्डेय, संतलाल साहू, विशेषर बंजारे , कन्हैया साहू,वेदप्रकाश देवांगन, राम राज सिंह, एवं अन्य संकुलों के संकुल समन्वयक उपस्थित थे। सभी उपस्थित समन्वयकों एवं उपस्थित व्याख्याता विपिन पांडेय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं व्यक्त की।

### थाना जयनगर पुलिस ने जुआ खेल रहे 5 जुआड़ियों को पकड़ा, 26300 रूपये किया जप्त

नन्दू यादव






**सूरजपुर।** भारत भास्कर पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कार्यो एवं जुआ खेलने वालों पर लगातार थाना-चौकी के पुलिस की कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में बीते रात्रि को जयनगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम पण्डोनगर में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पांचू, गौतम मण्डल, ठाकुर बाईन, गोपी राजवंशी व सुधानो मण्डल को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फड़ से 26300 रूपये जप्त कर इन सभी के विरूद्व छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई रघुवंश सिंह, वरूण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, बृजकिशोर ध्रुर्वा व सैनिक नोहर सक्रिय रहे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन/उपादान पुनरीक्षण के संबंध में दे जानकारी

**रायगढ़।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारी को आगामी 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों तथा 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की पेंशन/उपादान पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी देने हेतु कहा है। उन्होंने कहा कि वित्त निर्देश-26/2023 द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में शासकीय सेवकों का काल्पनिक आधार पर 1 जनवरी एवं 1 जुलाई को एक वेतन देकर पुनरीक्षित पेंशन/उपादान का लाभ देय है। अतएव अपने विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी निर्धारित प्रारूप जमा करें, ताकि वेतन वृद्धि काल्पनिक आधार पर जोड़कर सेवा पुस्तिका में इन्द्रांज कर सेवा पुस्तिका पेंशन पुनरीक्षण प्रस्ताव संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को नियमानुसार यथाशीघ्र प्रेषित किया जा सके।

# सेवादल यंग ब्रिगेड प्रतापपुर का ब्लॉक स्तरीय बैठक हुई संपन्न

नन्दू यादव





**सूरजपुर भारत भास्कर/:--** ब्लॉक कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रतापपुर का प्रथम बैठक मुख्य अतिथि कांग्रेस सेवादल जिला महामंत्री व संभाग प्रवक्ता आनंद चौधरी, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश महासचिव रोहन राजवाड़े, त्रिभुवन टेकाम के मार्गदर्शन व जिला अध्यक्ष यंग ब्रिगेड सूरजपुर अनिल रवि के नेतृत्व में प्रतापपुर के राजमोहिनी आश्रम में आयोजन किया गया।

बैठक में जिला महामंत्री कांग्रेस सेवादल व संभाग प्रवक्ता आनंद चौधरी ने कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के विभिन्न शाखाएं हैं लेकिन कांग्रेस एक है जहां भी जिला कांग्रेस की आवश्यकता पड़ेगी मैं तत्पर हूं और कांग्रेस के लिए दिन रात तैयार हूं जहां मेरी जरूरत हो वहां मेरा उपयोग कांग्रेस के लिए किया जाए। वहीं जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष अनिल रवि ने अपने कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लॉक से एवं वार्ड से कम से कम 20 से 25 कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता तैयार करे जो जिले में लगभग 6000 कांग्रेस सेवादल के कार्य कर्ता तैयार कर मई में 3 दिवसीय अधिवेशन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड का आयोजित प्रतापपुर के इसी राजमोहिनी आश्रम में किया जाएगा। इसकी तैयारी अभी से समस्त ब्लॉक के अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को करनी है। इसी के साथ बैठक को प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के महासचिव रोहन राजवाड़े ने सभी कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के डिसिप्लिन के संबंध में सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को बताया वही त्रिभुवन टेकाम के द्वारा अपने विचार कार्यकर्ताओं के समक्ष रखें। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री व संभाग प्रवक्ता आनंद चौधरी, प्रदेश महासचिव रोहन राजवाड़े, सचिव संघ प्रभारी व राजमोहिनी आश्रम प्रतापपुर के अध्यक्ष त्रिभुवन टेकाम, कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष सूरजपुर अनिल रवि, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रतापपुर दूधनाथ यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड लटोरी पुरन राजवाड़े सहित कई ग्राम पंचायत के सरपंच, दर्जनों कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के बैठक में उपस्थित रहे वही अंत में बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयो को ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रतापपुर दूधनाथ यादव के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

**जनदर्शन में आज कुल 220 आवेदन हुए प्राप्त**



**जांजगीर-चांपा/** जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने आज जनदर्शन में कलेक्टर को अपनी समस्याएं बतायी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी लोगों की समस्याओं, मांग व शिकायतों को बारी-बारी से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। आज जनदर्शन में कुल 220 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में आज बलौदा विकासखंड के ग्राम कमरीद निवासी श्री गजाधर द्वारा मोटराइज्ड ट्रायसायकल दिलाने, तहसील सारागांव के ग्राम अफरीद के श्री प्रीतम दास सूर्यवंशी द्वारा ऋण पुस्तिका दिलाने, ग्राम कचंदा के श्रीमती रचना बाई द्वारा राशन कार्ड बनवाने,ग्राम उसलापुर के श्री विशाल प्रसाद रात्रे द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण करवाने, ग्राम कचंदा निवासी श्रीमती भाग्यवती कश्यप द्वारा विधवा पेंशन दिलाने, तहसील अकलतरा के ग्राम अमलीपाली के श्री शत्रुहन सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी प्रकार आज जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा पट्टा दिलाने, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय करने, राशनकार्ड सहित कुल 220 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

# विधायक कमरो की पहल पर विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर



**एमसीबी-भारत भास्कर--/** सविप्रा उपाध्यक्ष भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की पहल पर विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों हेतु राज्य शासन द्वारा 1 करोड़ 6 लाख 97 हजार रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है।

स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत चनवारीडांड स्थित सिद्धबाबा पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने फर्शीकरण एवं प्लेटफार्म निर्माण हेतु 19 लाख 97 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चैनपुर स्थित स्वास्थ्य विभाग कॉलोनी में सीसी सडक निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत सिरौली के घसियापारा में सीसी सडक़ निर्माण 6 लाख, ग्राम पंचायत डांडहसवाही में पुलिया निर्माण हेतु 12 लाख,ग्राम पंचायत रोझी जगतबेड़ पहुँचमार्ग पर घाट कटिंग एवं रिटर्निंगवाल निर्माण हेतु 15 लाख, ग्राम पंचायत पसौरी अटल चौक से मंदिर मार्ग में पुलिया निर्माण 0 लाख,ग्राम शिवपुर पहुँच मार्ग पर घाट कटिंग व सीसी सडक़ निर्माण 14 लाख, ग्राम धवलपुर पहुंच मार्ग पर आरसीसी सडक़ व रिटर्निंगवाल निर्माण 12 लाख, ग्राम पंचायत रोकड़ा-अटल चौक से मेन रोड तक सीसी सडक़ निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत गरूडड़ोल के बालशिव में बियाझोरखी नाला तक सीसी सडक़ निर्माण 5 लाख एवं ग्राम पंचायत मनवारी में मनमोहन घर से केल्हारी स्कूल मार्ग पर सीसी सडक़ निर्माण हेतु 3 लाख कुल 1 करोड़ 6 लाख 97 हजार रूपए राशि की मंजूरी प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए निरंतर बड़ी राशि मंजूर किए जाने पर विधायक गुलाब कमरो ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# विवेकानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस मनाया गया




राजीव वर्मा

**एमसीबी--भारत भास्कर।** शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरूष स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन क्षेत्र के माननीय विधायक डॉ. विनय जायसवाल की गारिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात रासेयों के स्वयं सेवक छात्राओं लीलावती एवं साथियों के द्वारा रासेयों लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय में नवगठित कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परिषद् के विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरोज बाला श्याग विश्नोई ने मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाई एवं स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपना उद्बोधन दिया। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती, डॉ. रश्मि तिवारी, सुशील तिवारी, श्रीमती प्रभा राज के द्वारा भी स्वामी विवेकानन्द के व्यतित्व एवं कृतित्व पर अपने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के विधायक डॉ. विनय जायसवाल की गारिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। छात्र/छात्राओं के द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष संस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य गायन नाटक आदि की मनभावन प्रस्तुति दी गई सास्कृतिक कार्यक्रम की शुरूवात राजगीत से हुई। कार्यक्रम का संचालन शिवम् मिश्रा, रागिनी यादव, अरहम अंसारी, तथा सतेन्द्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती, डॉ. रश्मि तिवारी, सुशील तिवारी, श्रीमती प्रभा राज, रंजीतमणी सतनामी, डॉ. नसीमा बेगम अंसारी, श्रीमती स्मृति अग्रवाल, कमलेश पटेल श्रीमती नीलम द्विवेदी, रामनिवास गुप्ता, पुष्पराज सिंह, श्रीमती रेखा सिंह, अवनीश गुप्ता, मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनीत जाँनसन बाड़ा, पी.एल. पटेल, आर.के. गुप्ता, श्रीमती मीना त्रिपाठी, हेमन्त सिंह, साधना बुनकर, श कमलू सिंह मार्को, लड्डू गोपाल, भोला, प्रदीप मलिक, सतीश सोनी की सहभागिता रही एवं इस अवसर पर रासेयो के स्वयं सेवक छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के अन्य समस्त छात्र-छात्रा भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### विधानसभा निर्वाचन कार्यों में वीडियोग्राफी कार्य के लिए 6 अक्टूबर तक मंगाये गये निविदा

**रायगढ़,।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केन्द्र, मतगणना, उडऩ्दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यो में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं/फर्मो से निविदा मंगाये गये है। इच्छुक संस्था एवं फर्म निर्धारित फार्म में निविदा 6 अक्टूबर 2023 अपरान्ह 3 बजे तक कलेक्टोरेट कार्यालय, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 23 में जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन शाम 4 बजे कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gaæv.in में अथवा कलेक्टोरेट कार्यालय के उप जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

# स्कूलों में बच्चों को नशामुक्त बनाने के लिए प्राचार्यों को दिए गए प्रशिक्षण...

नन्दू यादव





**सुरजपुर -भारत भास्कर** जिले के विकासखंड क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत डेडरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तंबाकू मुक्त विद्यालय कार्यक्रम का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर महेश कुमार दोहरे द्वारा दिया गया कार्यक्रम का प्रारंभ संयुक्त प्राचार्य श्री मोतीलाल सिंह द्वारा मां सरस्वती की फोटो पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया तत्पश्चात सभी शिक्षकों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में मास्टर ट्रेनर महेश दोहरे द्वारा बताया गया कि तंबाकू से प्रतिवर्ष 80 लाख लोग विश्व में तंबाकू जैसे नशीली चीजों की लत लगने से मृत्यु की आंकड़े लाखों में गिने जा रहे हैं ये कई प्रकार के होते हैं तंबाकू या नशीले कई पदार्थो के लत लगने से भारत में 13 लाख लोगों कि प्रतिवर्ष मृत्यु होती है वहीं प्राचार्य मोतीलाल सिंह ने बताया कि। छत्तीसगढ़ राज्य में तंबाकु उपयोग करने वालों का प्रतिशत 39.1 है। साथ ही 13 से 15 वर्ष के 8 प्रतिशत शाला प्रवेशी बच्चे भी तंबाकु की चपेट में आ चूके हैं। यह चिंता का विषय है। आम लोगों में तम्बाकू एवं तम्बाकू से बने उत्पाद के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुये राज्य में तंबाकु नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से प्रयास किये जा रहें हैं, ताकि छत्तीसगढ़ राज्य को भी तंबाकू मुक्त राज्य बनाया जा सके भारत को 2025 तक तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा रखा गया है इसके तहत प्रदेश सभी जिलों व गांव शहरों एवं भारत देश को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ सभी शिक्षकों ने ली है इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सेल्फ हेल्प एंड रिसर्च संस्थान बिश्रामपुर द्वारा कराया गया इनके प्रतिनिधि कृष्ण झा ने उपस्थित सुपर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किए इस प्रशिक्षण में पंकज एक्का समन्वयक डेडरी, अशोक परस्ते समन्वयक, उर्मिला कुजूर, निशी ऐलिस, सूर्यभान सिंह ,ललिता एक्का ,धूलेश्वर प्रसाद राजवाड़े, दीनदयाल सिंह, ज्योति मिश्रा, शोभावती, रजनी, आशीष तिर्की, कंचन दास, स्कंद मिश्रा, बसंत राम , प्रवीण श्रीवास्तव ,प्रेम सिंह ,सुषमा तिर्की, बालेश्वर सिंह ,उपस्थित थे

# बढ़ता ई-कचरा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिये खतरा

स्वदेश तिवारी, स्थानीय संपादक



लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता




है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। दूसरा बड़ा कारण, नये फोन के प्रति आकर्षण था। कंपनियों की मार्केटिंग और दोस्तों द्वारा हर साल फोन बदलने की आदतों से भी प्रभावित होकर भी लोग नया फोन ले लेते हैं, जबकि इसकी जरूरत नहीं होती। इस वजह से भी ई-कचरे में इजाफा हो रहा है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक अगर साल 2019 में उत्पादित कुल इलेक्ट्रॉनिक कचरे को रिसायकल कर लिया गया होता वो करीब 425,833 करोड़ रुपए का फायदा देता। यह आंकड़ा दुनिया के कई देशों के जीडीपी से भी ज्यादा है।

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। अगर आप चाहते हैं कि ई-वेस्ट को कम किया जाए, तो इसके लिए जरूरी है कि चीजों की रिसाइक्लिंग की जाए। किसी पुराने मोबाइल या कंप्यूटर आदि को रिसाइकल किया जाए और इनका फिर से इस्तेमाल हो। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं। लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है, आप ऐसे किसी एनजीओ या किसी छोटी कंपनी आदि को पुराने मोबाइल, लैपटॉप आदि दे सकते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि आपको अपने पुराने मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि को तब तक इस्तेमाल करना चाहिए, जब तक यह संभव हो सके।

भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधन नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा (प्रबंधन) नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी। नए नियमों के तहत इस जिम्मेदारी को न उठाने वालों से सख्ती से निपटा भी जाएंगा, जिसमें उन्हें जुर्माना और जेल दोनों ही भुगतना करना पड़ सकता है। इसके अलावा ई-वेस्ट के दायरे को भी बढ़ा दिया गया है, जिसमें 21 वस्तुओं की जगह अब 106 वस्तुओं को शामिल किया गया है, जिसमें मोबाइल चार्जर से लेकर घरों में इस्तेमाल की जाने वाली सभी छोटी-बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल चीजें शामिल हैं।

## संपादकीय

# बारीक कूटनीति का वक्त

यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा। कनाडा के भारत पर लगाए आरोपों के बाद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की जो प्रतिक्रिया आई है, उसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। इन तीनों देशों ने कनाडा के इस रुख में स्वर मिलाया है कि खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत को कनाडा से पूरा सहयोग करना चाहिए। उधर इन देशों के मीडिया में कथित खालिस्तान आंदोलन का हौव्वा खड़ा किया जा रहा है। अखबारों में लंबी रिपोर्टें छपी हैं, जिनमें सिख समुदाय, खालिस्तान की मांग, इसके इतिहास, कनाडा के उससे संबंध आदि की विस्तार से चर्चा की गई है। उधर ब्रिटेन के अखबारों में खालिस्तान समर्थक अवतार सिंह खांडा की कई महीने पहले हुई मौत की खबरें फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। डॉक्टरों ने तब दो टूक कहा था कि खांडा की मौत कुदरती वजहों से हुई, लेकिन अब उसके परिजनों के बिना किसी साक्ष्य के लगाए गए इन आरोपों को जगह मिल रही है कि उसकी हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ था। इस बीच ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने इस वर्ष हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने की हुई घटनाओं के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। इसमें परिस्थितिजन्य आधार पर कहा गया है कि यह काम खुद हिंदुत्ववादी संगठनों ने किया और उनका मकसद सामाजिक तनाव पैदा करना था। गौरतलब है कि ये तमाम देश वो हैं, जिन्होंने हाल में भारत को अपने पाले में करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए रखा है। मगर इस कहानी का दूसरा पहलू यह भी है कि भारत ने भी उनके साथ रिश्ते को रणनीतिक कारणों से प्राथमिकता दी हुई है। अब इसमें एक बड़ा पेंच फंस सकता है। एंग्लो-सैक्सन पृष्ठभूमि वाले देशों में खानदानी किस्म का जुड़ाव है। भारत इस पहलू को नजरअंदाज नहीं कर सकता। इसलिए यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा। ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि पश्चिम से रिश्तों में खटास आई, तो उससे सबसे ज्यादा खुश चीन और पाकिस्तान जैसे देश होंगे। इसलिए भारत को यह जोखिम नहीं उठाना चाहिए।

# नस्लीय लड़ाई का इलाका है नागोर्नो-काराबाख़

श्रुति व्यास

क्या आपको नागोर्नो-काराबाख़ ध्यान में है? रूस के पड़ौस का वह इलाका जहां सन्2020 में में लड़ाई छिड़ी थी। भारत में हिंदी की कुछ लंगूरी टीवी चैनलों ने तब भविष्यवाणी की थी कि यह लड़ाई नए विश्वयुद्ध की शुरुआत है। विश्व युद्ध तो खैर नहीं हुआ परन्तु 44 दिन तक अजरबाइजान और अर्मेनिया में चली लड़ाई ने पूरे इलाके को तबाह किया।रूस दोनों के बीच का पंच था। रूस की आर्मेनिया के साथ संधि थी और अज़रबैजान के साथ दोस्ती। उसने पहल करके युद्ध विराम करवाया।वही काम उसने बुधवार को फिर किया है। दोनों में अचानक लड़ाई छिडी वह बेकाबू होती तभी युक्रेन में फंसे रूस कूटनीति की और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर है कि अजरबाइजान और अर्मेनिया के बीच लड़ाई रोकने, संघर्षविराम पर सहमति बनी है। अजरबाइजान के रक्षा मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है कि नागोर्नो काराबाख में सैन्य अभियान रुक गया है।

तीन साल बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के अधबीच, नागोर्नो-काराबाख़ की शांति ड्रोनों और सायरनों की आवाज़ से अचानक भंग हुई।19 सितम्बर को अज़रबैजान ने अपने ही देश में स्थित इस आर्मेनियाई एन्क्लेव में फौज़ी कार्यवाही शुरू की और यूरोप में चिंता बनी की एक ठंडी पड़ चुकी लड़ाई के संकट को फिर से झेलना होगा।

दरअसल समुद्र से दूर अज़रबैजान की सीमा के भीतर स्थित नागोर्नो-काराबाख़ एक पहाड़ी इलाका है। यह सोवियत संघ के गठन के पूर्व से ही विवादित रहा है। जब तक आर्मेनिया और अज़रबैजान सोवियत संघ का हिस्सा थे तब तक दोनों के बीच तनाव दबा रहा। परन्तु शीत युद्ध के ख़त्म होने और कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण ढीला पड़ने से नस्लीय विवाद फिर से भड़क उठा। पूरी दुनिया नागोर्नो-काराबाख़ को अज़रबैजान का हिस्सा मानती है परन्तु इस इलाके के अधिकांश रहवासी आर्मेनियाई हैं और वे एक सदी से भी लम्बे समय से अज़रबैजान के शासन का विरोध करते आए हैं। सन 1991 में लगभग 1.5 लाख आबादी वाले इस क्षेत्र ने स्वयं को आजाद घोषित कर दिया। तब से ही वह आर्मेनिया की मदद से स्वयं को शासित कर रहा है। वह अपने आप को अर्टसख गणतंत्र कहता है, हालाँकि उसे दुनिया की मान्यता नहीं मिली है।

अज़रबैजान के रक्षा मंत्रालय ने हमलों को卐आतंकवाद-विरोधी कार्यवाही卐 बताते हुए कहा कि इनका उद्देश्य नागोर्नो-काराबाख़ क्षेत्र में संवैधानिक व्यवस्था की पुनर्स्थापना करना और वहां से हथियारबंद आर्मेनियाई अलगाववादियों को बाहर धकेलना है। इसके विपरीत, आर्मीनिया का कहना है कि अज़रबैजान के हमले का असली उद्देश्य काराबाख़ के अर्मेनियाई लोगों की नस्लीय सफाई करना है। यह बात आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान ने भी कही है।

नागोर्नो-काराबाख़ के एक्स (पहले ट्विटर) मानवाधिकार ओम्बड्समैन के अनुसार वहां दर्जनों लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है और छह समुदायों के नागरिकों को बाहर कर दिया गया है।

लड़ाई फिर से शुरू हो जाने से लगा कि दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक चैनलों के ज़रिये समझौता करवाने के रूस और पश्चिमी देशों के प्रयास असफल हो गए हैं। आर्मेनिया कई हफ्तों से कह रहा था कि अज़रबैजान अपनी सेना को दोनों देशों की सीमा, जो दुनिया के सबसे ज्यादा सैनिक मौजूदगी वाले इलाकों में से एक है, के नज़दीक ला रहा है। अज़रबैजान ने नागोर्नो-काराबाख़ को आर्मेनिया से जोड़ने वाले एकमात्र रास्ते, जिसे लाचिन कॉरिडोर कहा जाता है, को पिछले साल के अंत से बंद कर रखा था ताकि इस इलाके के नेतृत्व को घुटने टेकने के लिए मजबूर किया जा सके। इसके नतीजे में इलाके में खाने-पीने की चीज़ों, दवाईयों और ईंधन की ज़बरदस्त कमी हो गई। बाकू (अज़रबैजान की राजधानी) में सरकार ने 9 सितम्बर को घोषणा की वह कॉरिडोर को खोलने के लिए तैयार है बशर्ते नागोर्नो-काराबाख़ को अज़रबैजान से जोड़ने वाली सड़क को खोल दिया जाए। कुल मिलाकर, अज़रबैजान चाहता है कि नागोर्नो-काराबाख़ उसका हिस्सा बन जाए। इसका अर्थ होगा वहां रह रहे 1,20,000 अर्मेनियाई नागरिकों का कत्लेआम या उनका पलायन। यह भी हो सकता है कि उनके साथ ज़बरदस्ती की जाए और उन्हें अज़रबैजान की प्रभुता स्वीकार करने पर मजबूर किया जाए। जो भी हो, यह साफ़ है कि अज़रबैजान, नागोर्नो-काराबाख़ की ज़मीन और उसके लोगों पर अपना राज कायम करना चाहता है। बाकू की सरकार ने यह साफ़ कर दिया है कि नागोर्नो-काराबाख़ उसके देश के अन्य क्षेत्रों के समकक्ष होगा। अज़रबैजान इस इलाके को कोई विशेष दर्जा देने या वहां के लोगों को सुरक्षा की गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है।

# इराक सुधरा, नया प्रधानमंत्री समझदार?

श्रुति व्यास

अमेरिकी आक्रमण को बीस साल हो चुके है और अब इराक में अपेक्षाकृत शांति है। उसने सन् 2017 में इस्लामिक स्टेट को हराया और उसके नतीजे में शिया-सुन्नी टकराव की जिस लहर की आशंका बहुत से लोगों ने जताई थी, उसे भी रोका। इसलिए नागरिकों की मौतों की संख्या में गिरावट आई, तेल का उत्पादन बढ़ा और सरकार की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई। ईरान और अमेरिका सहित विदेशी ताकतों का देश पर प्रभाव कम हुआ है। क्योंकि इराकी राजनीतिज्ञों ने एक ताकत को दूसरी ताकत के खिलाफ खड़ा करने की कूटनीति सीख ली है।

एक समय था जब ईराक गृहयुद्ध और पंथों में बंटे होने के लिए बदनाम था। उसे प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद उभरी अरब व्यवस्था के ढहने का प्रतीक माना जाता था। लेकिन ये सब बीते कल की बात है। आज बगदाद, कई अन्य मध्यपूर्व देशों की राजधानियों की तुलना में अधिक सुरक्षित माना जाता है।

दुनिया को लगता है कि यह शांति और स्थिरता, अमेरिका द्वारा सद्दाम हुसैन का राज खत्म कर देने का नतीजा है। वास्तव में अमेरिका का इराक पर हमला एक असफल, खर्चीली और विनाशकारी कवायद थी, जिसने अमेरिका को शर्मिंदा किया और ईराक को अपमानित। सन् 2019 में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार 62 प्रतिशत वयस्क अमेरिकी, जिनमें ईराक युद्ध में भाग ले चुके ज्यादातर सैन्यकर्मी भी शामिल हैं, मानते हैं कि वह युद्ध लड़े जाने लायक नहीं था। अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने उस समय सारी दुनिया को बताया था कि यह आक्रमण इराक की जनता को एक हिंसक और अधिनायकवादी सरकार से 'मुक्ति' दिलाने के लिए किया जा रहा है। किंतु इसमें करीब 2,00,000 ईराकी प्रत्यक्ष हिंसा में मारे गए और दसियों लाख अप्रत्यक्ष हिंसा में (जैसे स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन, साफ़-सफाई और पानी की कमी)। इस हमले के कारण उत्पन्न हुई अस्थिरता की वजह से इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा सन् 2014 से 2017 के बीच और ज्यादा मानवाधिकार हनन और हिंसा की गई।

लेकिन आज इराक में हालात पहले से बेहतर हैं।

बीस साल पहले अमेरिका के तत्कालीन विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने संयुक्त राष्ट्र में वह कुख्यात भाषण दिया था जिसमें उन्होंने दुनिया को अमेरिका द्वारा हासिल की गई उस कथित ठोस गुप्त जानकारी के बारे में बताया था जिसके अनुसार इराक सामूहिक विनाश के हथियारों का भंडार बना रहा था। और इस सप्ताह न्यूयार्क में उसी संयुक्त राष्ट्र महासभा को इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुडानी संबोधित करेंगे और दुनिया को बताएंगे कि वे ही ऐसे नेता हैं जो अपने देश की दो पुरानी समस्याओं- भ्रष्टाचार और अस्थिरता ङ्क को हल करेंगे। वे दुनिया को बताएंगे कि सद्दाम हुसैन के बाद की पीढ़ी के राजनीतिज्ञ होने के नाते वे अपनी जनता और उसकी बदलाव की आकांक्षा को समझ पाए हैं। वे दुनिया को बताएंगे कि इराक अपने अतीत को पीछे छोड़ चुका है और एक स्थिर राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में एक भरोसेमंद साथी बन सकता है।

किंतु एक स्थिर राष्ट्र होने के बावजूद इराक उन समस्याओं से जूझ रहा है जिनका मुकाबला एक स्थिर राष्ट्र को भी करना पड़ता है। इनमें शामिल है ग्लोबल वार्मिंग ङ्क इराक लगातार चौथे वर्ष सूखे का सामना कर रहा है और एक कृषि विज्ञान स्नातक होने के नाते अल सुडानी इस संकट को अच्छे से समझते हैं। एक ऐसा देश जिसमें भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं और जहां अधिकांश नौकरियां सरकारी क्षेत्र में हैं और जहां एक अल्प वेतन वाली नौकरी हासिल करने के लिए भी आवेदकों को या तो घूस देना पड़ती है या किसी राजनीतिज्ञ की मदद लेनी पड़ती है। पश्चिमी व्यवसायी भयावह भ्रष्टाचार, नौकरशाही द्वारा खड़ी की जाने वाली बाधाओं और राजनैतिक असुरक्षा के चलते इराक में निवेश नहीं करना चाहते। लंबे समय से इराक पर नजर रखने वाले विश्लेषकों ने चेताया है कि अल-सूडानी के सत्ताधारी गठबंधन में शामिल कुछ लोग, पश्चिमी देशों और सऊदी अरब से निकटता की उनकी पहल के पक्ष में नहीं हैं।

पिछले वर्ष हुए चुनावों में वर्तमान प्रधानमंत्री की जीत इसलिए हुई क्योंकि वे स्वयं शिया मुसलमान हैं और इराक के सुन्नी व कुर्द सहित सभी पक्ष उनके नाम पर सहमत थे। किंतु उनकी विजय के बाद से उनके कुछ शिया राजनैतिक समर्थक उनके आलोचक हो गए हैं क्योंकि प्रधामंत्री अपनी प्राथमिकताओं पर जोर देने का प्रयास कर रहे हैं।

इसलिए प्रधानमंत्री अल सुडानी की संयुक्त राष्ट्र संघ की इस सप्ताह की यात्रा का एक प्रमुख लक्ष्य है यूरोप और अमेरिका से और निवेश लाना करना और प्राकृतिक गैस के उत्पादन के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण हेतु सुन्नी अरब देशों की और अधिक मदद हासिल करना। इससे अंततः इराक ऊर्जा के क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भर हो सकेगा और उसकी ईरान पर निर्भरता कम होगी, जो आज इराक की 35 से 40 प्रतिशत ऊर्जा की मांग की पूर्ति करता है। हाल में ईरान और इराक को जोड़ने वाले एक रेलमार्ग के निर्माण पर सहमति बनी है। ईरान के इराक पर लगातार बढ़ते प्रभाव को लेकर कई लोगों का मानना है कि इससे इराक, ईरान की गोदी में बैठने की ओर जा रहा है।

# अमृतकाल का सुनहरा पक्ष है मातृभाषा

हमारी भाषा हमारे अपने व्यक्तित्व का प्रतिबिंब है। भाषा वैचारिक आदान-प्रदान का माध्यम है, भाषा अभिव्यक्ति का सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम है. भाषा हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान की महत्वपूर्ण साधन है। हम कह सकते हैं कि बिना भाषा के मानव जीवन अपूर्ण है। भाषा का विस्तार एवं विकास मनुष्य का अपना ही विकास है। भाषा ही पारस्परिक ज्ञान ,संबंध, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु का कार्य करती है। इसके दोनो लिखित और मौखिक रूप के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना ही नहीं की जासकती ।स्वयं को व्यक्त करने की उत्कंठा ने ही हमे व्यक्ति की संज्ञा दे दी यही वो विशेषता है जिसने हमे सभी प्राणियों में सर्वोच्च स्थान दिया है ।

भाषा शिक्षक के रूप में एक शिक्षक अपने छात्रों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण और प्रिय होता है। अपनी प्रथमिक कक्षाओं में भाषा शिक्षक जिन्होंने हमें पहली बार पढ़ना लिखना सिखाया उन्हें हम कभी नहीं भूल पाते। यूं तो बच्चा अपने घर परिवार तथा आसपास बोली जाने वाली भाषा को सुनकर बोलकर स्वतः ही भाषा सीख लेता है किंतु शुद्ध लिखना और बोलना, भाषा शिक्षण से ही सीखी जा सकती है. जिसमें शिक्षक और विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय में ही छात्रों में मौलिक वाक्य संरचना की योग्यता का विकास होता है, जो शुद्ध लिखने बोलने के कौशल से युक्त और संपन्न करता है। इसलिए भाषा शिक्षण में विद्यालय और शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाषा ही ज्ञान का आधार है। हर भाषा का अपना स्वभाव होता है, भाषा के इसी स्वभाव को ध्यान में रखकर उसके अपने-अपने आदर्श स्वरूप होते हैं। शिक्षक का कर्तव्य है की भाषा की भूमिका को समझें और बच्चों को भाषा की भूमिका को समझाएं। जब विद्यार्थी में भाषा के प्रति प्रेम बढ़ता हैं तब उसे पुष्पित पल्लवित होते देखकर शिक्षक गर्वित हुए बिना नहीं रह पाते। भाषा व्यक्तित्व निर्माण में बहुत सहायक है। पहले बच्चे पढ़ना सीखते हैं और फिर सीखने के लिए पढ़ते हैं। अन्य विषयों के ज्ञान को भाषा ही दिशा प्रदान करती है जिसके लिए प्रारम्भिक कक्षाओं से ही बच्चों को तैयार करने की आवश्यकता है, हिंदी पढ़ाते हुए बच्चों में मनुजता की दृस्टि विकसित करना मुख्य उदेश्य होना चाहिए। हिंदी पढाने का उद्देश्य ही जीवन को समझना है जो एक सभ्य समाज को खड़ा करता है। भाषा की उपयोगिता के अनेक आयाम है। जब बच्चों की अपने भाषा में रुचि बढ़ेगी तब अपनी भाषा के प्रति उन्हें गर्व होगा। यह भाव जब तक एक शिक्षक के रूप में हम बच्चों के अंदर नहीं उपजाएंगे तब तक शिक्षक के रूप में सफल नहीं होंगे और न ही तबतक बच्चे अपने जीवन में भाषा की भूमिका को समझ पाएंगे।

वर्तमान समय में ज्ञान, विज्ञान समुद्र की गहराइयों से लेकर सौरमंडल को अपनी परिधि में निरंतर बांधने का प्रयास कर रहा है। वहीं दूसरी ओर बच्चों में भाषा संरचना का स्वरूप बिखरता हुआ दिख रहा है. जिसमें कसाव लाने की नितांत आवश्यकता है। इसके पीछे बहुत से कारण है जिसमें एक कारण यह भी है कि हम भाषा को सिर्फविषय के रूप में पढ़ा रहे हैं जबकि बच्चों में समझ के साथ पढ़ने और अपनी भाषा को इस तरह से देखने की हम भाषा के माध्यम से ही अपने समाज का निर्माण करते हैं अपने समाज को खड़ा करते हैं अपने चारों तरफएक वातावरण निर्मित करते हैं. ऐसी समझ देने की नितांत आवश्यकता है। आज भाषा को विषय के रूप में पढ़ते हुए उसके वास्तविक स्वरूप उसको पहचाना कर उसको समझने का प्रयत्न छोड़ दिया गया है। जबकि भाषा ही व्यक्तित्व को सजाता, सवारता,आकर्षक और प्रभावशाली बनाता है। हम शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को भावी जीवन के लिए बाहरी दुनिया से संवाद स्थापित करने के लिए तैयार करें। भाषा की समृद्ध समझ के लिए तैयार करें बच्चों की विचार शक्ति भाषा से ही समृद्ध होती है। शब्द भंडार समृद्धि करना इसे रोचक बनाना बच्चों की भाषा की दक्षता को बढ़ाना है जिसमें मुख्य रूप से बच्चों के प्रारंभिक कक्षाओं के शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

जब एक बच्चा अपनी प्रारंभिक कक्षाओं से ही हिंदी अपनी भाषा को अच्छे से समझता है तो भाषा में अनुशासन, कौशल विकास सरलता सुगमता स्पष्ट और शुद्धता के व्यावहारिक विश्लेषण के साथ ही अपनी भाषा को संगठित और शुद्ध रूप से बोलने और लिखने के लिए दक्षता हासिल कर लेता है। जो उसके बाहरी समाज से संवाद स्थापित करने में सहायक होता है जो उसके व्यक्तित्व को निखारते हुए उसकी बाहरी दुनिया में और आगे की शिक्षा अर्जन करने के लिए आत्मविश्वास देता है। व्यवहारिक तौरपर देखें तो जीवन में प्रयोग होने वाले कुछ अशुद्ध शब्द इस तरह से भाषा में समाहित हो गए हैं जिन्हें मानक भाषा से अलग कर पाना कठिन है. इसलिए शिक्षकों का दायित्व है कि बच्चों को भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान काराए। इस कार्य में शिक्षकों की अहम भूमिका है। भाषा के माध्यम से ही व्यक्ति मानवीय संवेदनाओं से जुड़ता है। भाषा ही व्यक्ति को मनुजता में व्यक्त होने का कौशल प्रदान करती है। भाषा अभिव्यक्ति के माध्यम के साथ ही अनुभूति का भी माध्यम है। जो बोला जा रहा है और जो ग्रहण किया जा रहा है जो समझा जा रहा है क्या उसमें अंतर है यदि अंतर है तो इसका मतलब भाषा ठीक प्रकार से प्रयोग नहीं किया गया है जब भाषा अभिव्यक्ति के साथ अनुभूत की जाती है और इसकी समझ होगी,भाषा में रचनात्मक का विकास होगा तभी भाषा अपने आप को आदर्श रूप को व्यक्त करेगी भाषा सिर्फशब्दांकन नहीं है। यह हमारे परिवेश समाज का प्रतिबिंब है जब हम अपनी बात को रखते हैं जब हम अपनी भाषा को व्यक्त करते हैं तब हम एक समाज का निर्माण करते हैं हम एक समाज को खड़ा करते हैं इसलिए भाषा की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है । एक शिक्षक के तौर पर कक्षाओं में पढ़ते और पढ़ाते वक्त हिंदी शिक्षक के तौर पर हम भाषा को सिर्फ विषय के रूप में ना देखें हम भाषा को एक जीवन की तैयारी के रूप में देखें क्योंकि कक्षाओं में जब बच्चे पढ़ते हैं तो अन्य विषयों को भी पढ़ने के लिए वह भाषा की तैयारी करते हैं।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश, बेसिक शिक्षा विभाग में निपुण उत्तर प्रदेश बनाने के प्रयास चल रहे हैं जिसके अंतर्गत भाषा को समझ के साथ पढ़ने और इसके शिक्षण शास्त्र पर विशेष बल दिया जा रहा है यह एक सराहनीय कदम है। इस मिशन ने शिक्षको, अभिभावकों, बच्चों और शिक्षा से सरोकार रखने वाले हर अधिकारी और जन सामान्य का ध्यान भाषा की ओर आकृष्ट किया है कि बच्चे के सीखने की बुनियादी दक्षता में भाषा का क्या महत्व है इस मिशन में हिंदी पर विशेष बल देते हुए बच्चों की बुनियादी शिक्षा को उनकी मातृभाषा में किए जाने पर भी बल दिया गया है जो स्वागत योग्य और सराहनीय है.

आज आवश्यकता है की हिंदी बस विषय के रूप मे ही नहीं भाषा के रूप मे पढ़ाया जाये। बच्चों को हिंदी पढ़ाने के साथ एक स्पष्ट दृस्टि देने की आवश्यकता है। हिंदी पढ़ते हुए आदर्श हिंदी के स्वरूप को समझते हुए कविता,कहानी रचना भावभिव्यक्तिएवं लिखित सामग्री को पढ़ कर भावो के समझ का गहरापन लाने के कौशल की दक्षता सिखानी होगी। देखा जाये तो हिंदी एक विषय से कहीं आगे है, हिंदी के साथ ही हम बच्चो को जीवन जीने की दृस्टि प्रदान करते हुए व्यवहारिक समझ विकसित करते हैँ। इसलिए प्रश्न पूछने नम्बर पाने की होड़ से कहीं आगे है हिंदी यह बस विषय के रूप मे बस्ते मे बंद नहीं होना चाहिए बल्कि कौशल के रूप मैं व्यवहार में परिलक्षित होना चाहिए। प्रकृति के सुकुमार कवि को पढ़ेते हुए प्रकृति के प्रति प्रेम और कृतज्ञयता का भाव जागृत हो, देश प्रेम कि कविता पढ़ते हुए देशभक्ति के भाव के साथ सुयोग्य नागरिक बनने का संकल्प लेकर बढ़ें, कहानी पढ़ते हुए ज्ञान का स्थिति के साथ कैसे प्रयोग करना है इसका कौशल विकास हो ऐसे भावी नागरिकों का निर्माण होना चाहिए जिसमे हिंदी भाषा अत्यंत सहायक है। हिंदी क्यों और कैसे पढाना, पढ़ना है इस पर चिंतन होना चाहिए।

## सार-समाचार

### एक ही दिन में 15 किलोमीटर की प्रगति यात्रा

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव में लगातार प्रगति यात्रा कर रहे है। इस प्रगति यात्रा के दौरान 23 सितंबर को वे एक ही दिन में 15 किलोमीटर की प्रगति यात्रा किए। वार्ड 46 से वार्ड 40 होते हुए वार्ड 41 तक प्रगति यात्रा की गई। इस दौरान विधायक ने वार्ड के विकास के लिए विकास का पिटारा खोला। लोगों को लाखों के विकास कार्यों की सौगात दी। प्रगति यात्रा की शुरूआत सबसे पहले वार्ड 46 दुर्गा मंदिर वार्ड से की गई।वार्ड में वार्डवासियों ने गणेश भगवान की स्थापना की हैपंडाल में पहुंचे विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड के सभी गणेश पंडाल में पहुंच कर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। गणेश जी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए और हाथ जोड़ कर भिलाई की भलाई, भिलाईवासियों की सुखशांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वे वार्ड में प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए चले। लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी।

### विधायक देवेंद्र ने वार्डवासियों के साथ किया लाखों के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव में लगातार प्रगति यात्रा कर रहे है। इस प्रगति यात्रा के दौरान 23 सितंबर को वे एक ही दिन में 15 किलोमीटर की प्रगति यात्रा किए। वार्ड 46 से वार्ड 40 होते हुए वार्ड 41 तक प्रगति यात्रा की गई। इस दौरान विधायक ने वार्ड के विकास के लिए विकास का पिटारा खोला। लोगों को लाखों के विकास कार्यों की सौगात दी। प्रगति यात्रा की शुरूआत सबसे पहले वार्ड 46 दुर्गा मंदिर वार्ड से की गई।वार्ड में वार्डवासियों ने गणेश भगवान की स्थापना की हैपंडाल में पहुंचे विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड के सभी गणेश पंडाल में पहुंच कर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। गणेश जी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए और हाथ जोड़ कर भिलाई की भलाई, भिलाईवासियों की सुखशांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वे वार्ड में प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए चले। लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी।

### रायपुर-जबलपुर मार्ग पर पलटा ट्रेलर, चालक-परिचालक घायल, हाईवे पर सात किमी लगा जाम

**कवर्धा।** लोहे का चादर लेकर राजधानी रायपुर से राजस्थान के भिवाड़ी जा रहे ट्रेलर वाहन चिल्फी घाटी नागमोरी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में चालाक-परिचालक को चोट आई है, जिन्हें बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का इलाज जारी है. वहीं हाईवे पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई है। एनएच 30 में ट्रेलर पलटने से रायपुर जबलपुर मार्ग पर राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है. एनएच 30 चिल्फी घाटी नागमोरी में 5 घंटों से 07 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई है. मौके पर पहुंची पुलिस जाम को हटाने की कोशिश कर रही है। क्रेन की मदद से ट्रेलर वाहन को रास्ते से हटाने की कोशिश की जा रही है, ताकि रास्ता क्लियर किया जा रहा है और आवाजाही शुरु हो सके. चिल्फी पुलिस मौके पर मौजूद है. बड़ी गाड़ियों सहित यात्री बसे जाम में फंसी है. इससे लोगों को परेशानियों का सामना पड़ रहा है। एनएच 30 रायपुर जबलपुर चिल्फी घाटी में अक्सर नागमोड़ी के पास सड़क दुर्घटना होना आम बात हो गई है. इसके चलते आए दिन दिन सड़क जाम हो जाती है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों को परेशानी होती है.

### साहू दंपत्ति ने जन्मदिन पर किया देहदान

**भिलाई।** मानवता की भलाई के लिए देहदान की अनुकरणीय मिसाल कायम करने वालों में ग्राम रिसामा के साहू दंपत्ति का नाम भी शामिल हो गया है। कृषक लेखुदास साहू और उनकी पत्नी चन्द्रिका साहू के देहदान हेतु प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के द्वारा उनके घर जाकर पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं अनेक ग्रामवासियों की मौजूदगी में काउंसलिंग की गई. इसके पश्चात् समीपस्थ चंदखुरी स्थित राजीवलोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के नाम मरणोपरांत अपना मृत देह दान करने की वसीयत जारी की गई. देहदान हेतु चन्द्रिका साहू और उनके पति ने लेखुदास साहू ने अपने जन्मदिन के खास मौके को और ज्यादा यादगार बना दिया. देह्दानी साहू दंपत्ति ने एक दुसरे की वसीयत में साक्षी रिश्तेदार के रूप में हस्ताक्षर किया! इस दौरान प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के अलावा राकेश साहू,डॉ. रामदास हिरवानी, हेमू दास साहू, राजेंद्र कुमार साहू, लक्ष्मी नारायण सेन आदि।

---

सद्भावना महारैली में 150 मोटरसाइकिल सहित 300 लोग हुए सम्मिलित

# जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह एकता का संदेश लेकर सत्यनगर से पहुंचे कसकेला

**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर /:--** जिले के जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 20 के जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह के द्वारा जनपद सदस्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायत को एक सूत्र में बांधते हुए सभी समाज को लेकर एक मानव मानव एक समान, महिला जागरूकता, युवा शिक्षा, युवा जागरूकता, समाजिक धार्मिक एकता, आपसी भाईचारा तथा आपसी समन्वय के लिए एक दिवसीय सद्भावना का संदेश देने के लिए एक विशाल महारैली का आयोजन किया।





**सत्यनगर से निकली एकता का संदेश लेकर महारैली पहुंची कसकेला-** मानव मानव एक समान का संदेश लेकर महा रैली के साथ जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह निकलने से पहले सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सत्यानगर के देवालय में सुबह 10:00 बजे पूरी टीम के साथ पूजा पाठ कर और कामना करते हुए की सभी समाज में एकता का सूत्र बंद है और सभी एक साथ रहें और भाईचारा का संदेश देते रहें क्या आह्वान करते हुए इस महा रैली का शुरुआत करते हुए ग्राम पंचायत सलका, केवटाली, अघिना होते हुए ग्राम पंचायत कसकेला में ग्राम पंचायत में सभी समाज और सहयोगियों की उपस्थिति में समापन किया गया।

**जनपद सदस्य ने एकता का संदेश देते हुए सभा को किया संबोधित-** स्थानीय जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह ने सभी जनता से सभा को संबोधित करते हुए कहा की जिस प्रकार से आप सभी मुझे प्यार और स्नेह और आशीर्वाद दिया है इसे इसी तरह से बनाए रखियेगा और आप सभी को मेरी जब भी आवश्यकता होगी किसी भी वक्त जरूरत होगी बस एक आवाज लगाइएगा मै आपके सेवा के लिए हाजिर रहूंगा क्योंकि आप सभी है तभी मै हु मेरी जनता मेरे से पहले है मै आप सभी के सेवा के लिए हमेशा तत्पर हू बस एक आवाज लगाने की जरूरत साथ ही आप सभी आपसी प्रेम, भाईचारा बनाए रखे क्योंकि

मानव मानव एक समान है आपस में सब युगों युगों से प्रेम से रहते आए हैं। जाति धर्म और संस्कृति सब मानव ने ही बनाए हैं। ईश्वर, अल्लाह, जीसस, महावीर सबने एकता का संदेश दिया। आपस में मिलजुल कर रहने का मानवता को उपदेश दिया। फिर क्यों आपस में लड़ जाएं धर्म न हमें सिखाता है। धर्म धैर्य धारण करने की शक्ति में अभिवृद्धि कराता है। भगवत गीता और कुरान शरीफ कभी न आपस में लड़ते हैं। फिर क्यों हम सब मानव आपस में किस कारण लड़ते हैं। आदमी में खुदा राम का नूर है वह श्रृष्टि की सबसे बड़ी मूर्ति है। आपस में मेल जोल और प्रेम भाव से रहना सबसे बड़ी सूरत है। स्वर्ग नर्क का भेदभाव सब इस अवनी तल पर ही है। मानव चाहे जैसा स्वयं को बना ले उसके ऊपर ही है। शारीरिक संरचना में मानव को एक जैसा ही बनाया है। प्रकृति ने मानव निर्माण में कुछ भेदभाव न अपनाया है। फिर क्यों हम आपस में भेदभाव किस लिए करें। मित्रता भाव से रहे आपस में एक दूसरे से प्रेम करें।

---

## आयुष्मान भव: के तहत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य मेले का किया जा रहा आयोजन

**जिले के 05 व्यक्तियों ने ऑर्गन डोनेशन के लिए भरा शपथ पत्र**

**02 वरिष्ठ नागरिकों ने संपूर्ण शरीर दान के लिए पोर्टल में कराया पंजीयन**

**नन्दू यादव**






**सूरजपुर भारत भास्कर /** जिले के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आर0एस0 सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुषमान भव: के तहत केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन के गाईडलाईन के अनुसार समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को शासन के समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गैर- संचारी रोग (ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कैंसर) टी0बी0, कुष्ठ, सिकल सेल तथा अन्य रोग से अवगत भी कराया जा रहा है। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत समस्त लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है। इस कैम्पेन के तहत

ब्लड डोनेशन एवं आर्गन डोनेशन के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला सूरजपुर में 05 व्यक्तियों के द्वारा आर्गन डोनेशन हेतु शपथ-पत्र भरते हुए आर्गन डोनेशन रजिस्ट्री पोर्टल में पंजीकृत किया गया है। आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में 02 वरिष्ठ नागरिक श्री लोचन प्रसाद गुप्ता व श्री बच्चा लाल कसेरा के द्वारा अपना सम्पूर्ण शरीर दान हेतु शपथ लेते हुए पोर्टल में पंजीयन भी कराया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आर0एस0 सिंह के द्वारा जिले के समस्त आम नागरिकों से अपील किया गया है कि अपने स्वेच्छा अनुसार आर्गन डोनेशन करने हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर में सम्पर्क कर सकते हैं। जिला नोडल अधिकारी डॉ0 दीपक जायसवाल (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर) के द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि इसी सप्ताह से जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान भव: कैम्पेन के तहत मेडिकल कॉलेज विशेषज्ञ चिकित्सकों के टीम के द्वारा सप्ताह वार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा।

अत: सम्बन्धित समस्त लोग इस स्वास्थ्य मेले में उपस्थित होकर इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेवें। आज के कार्यक्रम का सफल संचालन में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर कन्सलटेंट ज्योतिरादित्य सिंह, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत नसीम खान, सी0के0 माहेश्वरी एवं शेषनारायण का विशेष योगदान रहा।

---

## भूपेश सरकार ने किसानों को बनाया समृद्ध - विशाल देशमुख

**छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मामले पर भाजपा नेताओं द्वारा झूठी व अनगर्ल ब्यानबाजी समझ से परे...**



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मामले पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा झूठी व अनगर्ल ब्यानबाजी की जा रही हैं। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी धान खरीदी को लेकर भ्रामक ब्यानबाजी की गई । जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य विशाल देशमुख ने कहा कि भाजपा द्वारा जगह-जगह विज्ञापन बोर्ड लगाया गया है कि धान खरीदी में 80 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है, जो सरासर झूठ हैं।

जब कि वास्तविकता यह है कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार बैंकों से ब्याज पर ऋण लेकर धान खरीदी करती है एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सी.एम.आर. दर पर केंद्रीय पुल में चांवल जमा करती हैं। राज्य शासन की ओर से धान खरीदी का कार्य मार्कफेड द्वारा की जा रही हैं। यहां तक कि 15 साल भाजपा शासन के कार्यकाल में भी मार्कफेड के माध्यम से बैंकों से ऋण लेकर राज्य में धान खरीदी की गई हैं। धान खरीदी पर केंद्र सरकार की एजेन्सी भारतीय खाद्य निगम द्वारा धान खरीदी का कार्य किया जाता हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में कही भी भारतीय खाद्य निगम द्वारा धान खरीदी का कार्य नहीं किया गया हैं।

श्री देशमुख ने कहा कि यह सरासर झूठ है कि केंद्र सरकार द्वारा भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार बनने के बाद खरीदे गए धान का 80 प्रतिशत चांवल केंद्र सरकार द्वारा ली गई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 में राज्य में 83 लाख मी.टन धान खरीदी की गई। इस हिसाब से कुल 56 लाख मी.टन चांवल होता है, परंतु केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 में केंद्रीय पुल पर 28 लाख मी.टन चांवल जमा करने के आदेश दिए गए थे। जो कि 50 प्रतिशत हैं, वर्ष 2020-21 में राज्य सरकार ने 92 लाख मी.टन धान खरीदी की। जबकि केंद्र सरकार ने केंद्रीय पुल पर मात्र 24 लाख मी.टन चांवल जमा करने के आदेश दिए थे। जो कि 39 प्रतिशत के करीब होता हैं। इन दोनो वर्षो में केंद्र सरकार द्वारा जानबूझ कर धान खरीदी के लिए जुट बारदाना भी लगभग 35 प्रतिशत के बराबर दिया गया। जिससे मिलरों को केंद्रीय पुल में नये बारदाना के आभाव के चलते चांवल जमा करने पर अधिक समय लगा। जबकि प्रक्रिया यह है कि केंद्रीय पुल में चांवल जमा करने के बाद 15 दिन पश्चात ही चांवल का भुगतान एफसीआई द्वारा राज्य शासन को किया जाता हैं। वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 में केंद्र सरकार के असहयोग रवैय्ये के कारण 25 सौ रूपए प्रति क्विंटल में खरीदे गए धान को राज्य सरकार द्वारा निविदा के माध्यम से 14 सौ से 15 सौ रूपए प्रति क्विंटल के दर बेचना पड़ा एवं खरीदी केंद्रों में अधिक समय तक धान रूकने के कारण बड़ी मात्रा में खरीदे गए धान खराब हुए। जिससे राज्य सरकार को अरबो रूपए की नुकसान हुआ है। यह सब केंद्र सरकार के असहयोगात्मक रूख के चलते हुआ। प्रदेश में वर्ष 2021-22 में 98 लाख मी.टन एवं वर्ष 2022-23 में 107 लाख मी.टन धान की खरीदी हुई। देश में महामारी कोरोना काल के कारण केंद्र सरकार द्वारा 5 किलो प्रति व्यक्ति मुक्त में अनाज वितरण करने के कारण केंद्रीय पुल में चांवल की कमी हुई। जिसके कारण ही केंद्र सरकार द्वारा मजबूरीवश वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में केंद्रीय पुल में 62-62 लाख मी.टन चांवल खरीदी का आदेश छत्तीसगढ़ को देना पड़ा। जिसे वह आज अपनी उपलब्धि बता रहे हैं।

श्री देशमुख ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेतागण बृजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल एवं अजय चंद्राकर भाजपा के शासन काल में धान खरीदी मंत्रीमंडलीय उप समिति के सदस्य रहे हैं। ये धान खरीदी के सपूर्ण प्रक्रिया से भलीभांति परिचित हैं। फिर भी इन नेताओं द्वारा धान खरीदी को लेकर भ्रामक एवं उलजुलूल ब्यानबाजी कर किसानों को गुमराह किया जाना समझ से परे हैं। वहीं केंद्रीय पुल पर जमा करने पर केंद्र सरकार द्वारा अरवा चांवल में 10 रूपए प्रति क्विंटल एवं उसना चांवल में 20 रूपए प्रति क्विंटल मिलिंग चार्ज दिया जाता हैं। बाकी अतिरिक्त राशि राज्य शासन द्वारा वहन की जाती हैं। जिससे राज्य सरकार को धान खरीदी मद पर नुकसान होती हैं। यह प्रक्रिया छत्तीसगढ राज्य बनने के बाद से लगातार जारी हैं। श्री देशमुख ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा केंद्र सरकार से चांवल की बचत राशि 6 हजार करोड़ रूपए मांग करने पर भाजपा नेताओं द्वारा विरोधाभासी ब्यानबाजी कर आम जनता को गुमराह किया गया। जबकि 6 हजार करोड़ रूपए राशि में आधा से ज्यादा राशि भारतीय खाद्य निगम से लेनदारी पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल का हैं। छत्तीसगढ़ में व्यवस्थित धान खरीदी कर व किसानों को 9 हजार रूपए प्रति एकड़ राजीव गांधी न्याय योजना में राशि प्रदाय कर भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्धि बनाया है परंतु किसानों की खुशहाली देख भाजपा नेताओं के पेट में दर्द होने लगा हैं।

---

# विकासखंड ओड़गी के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर** जिले के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिले के मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.एस.सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गणपत कुमार नायक एनसीडी जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन तथा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बंटी बैरागी के नेतृत्व में ओड़गी ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य थीम आयुष्मान भव: रखा गया, उपस्थित लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया व साथ ही समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी लोगों को बताई गई है। जिसमें विभिन्न प्रकार की अस्पताल में संचालित सेवाओं के बारे में लोगों को जन जागरूकता के बारे में समझाइए दी गई एवं सर्वप्रथम सभी संस्थाओं में आए हुए हितग्राहियों का आत्मीयतिता के साथ स्वागत वंदन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों स्वास्थ्य जाँच जैसे बीपी शुगर हाइपरटेंशन अन्य सभी





बीमारियों का स्क्रीनिंग कर उपचार एवं निदान कर आवश्यक दवाई दी गई, साथ ही साथ लोगों को स्वास्थ्य के बारे में विभिन्न सेवाओं को जमीनी स्तर तक लागू कराए जाने हेतु जानकारी दी गई। जिसमें से लोगों ने काफी सराहा, साथ ही साथ उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा शिक्षा से उत्प्रोत स्वास्थ्य को गंभीरता से ध्यान में रखते हुए आने वाले सभी परिस्थितियों में अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करने और कराए जाने की अपील की गई तदउपरांत उपस्थित ग्रामीण जनों को टी.वी.मलेरिया मोतियाबिंद के उपचार कुष्ठ की सेवाएं तथा मौसमी बीमारियों के बारे में विशेष रूप से लोगों को जन जागरूकता दिलाई गई ओड़गी के सुदूर अंचल होने के बावजूद भी विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों जैसे छतरंग, नवाटोला, उमझर, पासल, ठाड़पाथर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहरशोप, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरसेड़ी ,चेन्द्रा, भाड़ी, खोंड,लांजीत के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी एवं विभिन्न हेल्थ एन्ड वैलनेस सेंटर स्वास्थ्य केंद्र इंदरपुर, चपदा, भाड़ी,भकुरा ,पकनी,दवना चेन्द्रा इत्यादि जगहों पर बढ़ चढ़कर लोगों ने स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया और आसपास के सभी लोगों को आमंत्रित कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराकर उपचार एवं निदान किया गया। इस मौके पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के अधिकारी कर्मचारियों का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा जिसके लिए विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री सखन आयाम के द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बेहतर स्वास्थ्य मुहैया उपलब्ध कराए जाने हेतु अनेक अनेक दिशा निर्देशन दिए गए, जिससे की स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतर किया जा सके।

## आईसेक्ट का छात्रों के लिए वृहद काउंसलिंग अभियान

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2023 का चांपा में हुआ भव्य स्वागत

### नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुंचाने का अनूठा प्रयोग

**चांपा।** कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरुकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा दिनांक 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा 23-09-2023 को चांपा शहर में पहुंची जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा तथा छत्तीसगढ़ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर चांपा में सेमिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें शाखा प्रबंधक मूलचन्द गुप्ता ने कौशल विकास यात्रा और रोजगार पाने के लिए कौशल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, यात्रा में साथ चल रहे विषय विषेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे कुलवंत सिंह सलूजा अध्यक्ष प्रेस क्लब चांपा ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक्र डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरुक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे ङ्कपीएमकेवीवाय, एनयूएलएम, एनएसक्यूएफ् डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट राइजइत्यादि की जानकारी प्रदान दी गई। यात्रा के साथ आए विषय विषेषज्ञों ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षो से आईसेक्ट द्वारा युवाओं को कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आईसेक्ट की नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान स्कूल कंटेट, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न,ऑन लाइन फ्री कोर्सस, इन्श्यूरेंस, ऑन लाइन सेवाएं,रोजगार मंत्रा पोर्टल इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया। अंत में आगंतुक अतिथियों राजेश अग्रवाल पूर्व नपाध्यक्ष चांपा, कुलवंत सिंह सलूजा, नागेंद्र गुप्ता पार्षद, प्राचार्य महेंद्र राव ने कौशल विकास यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि 18 सितंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 राज्यों के 300 जिलों तक पहुंचेगी जहां इसमें आईसेक्ट-एनएसडीसी पार्टनरशिप में संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही आईसेक्ट के अंतर्गत फ्यूचर स्किल कोर्सेज की भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए आईसेक्ट द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया है। इन यात्रा वाहनों पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की ब्रांडिंग से सुसज्जित किया गया है। साथ ही इन यात्रा वाहनों में कौशल विकास की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध है जो यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में वितरित की जा रही है।




# स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार प्रयास



**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देशानुसार स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में डिप्टी कलेक्टर तथा प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार शतरंज ने गुरूवार को जिले के विभिन्न शासकीय शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला करही में अनियमिता पाई गई एवं मध्यान्ह भोजन कक्ष में सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षिका निता दयाल एवं रिता चतुर्गोष्ठी, हायर सेकेण्डरी स्कूल दशरंगपुर के व्याख्याता अंजू सिंह, सहायक ग्रेड 02 डी. के. टण्डन एवं सहायक ग्रेड 03 अनिल कुमार वेंताल तथा प्राथमिक शाला सुरदा में शिक्षिका अंजूला पाण्डेय, श्वेता चैबे, विजया शर्मा और शासकीय प्राथमिक शाला देवगांव में शिक्षिका अनुराधा गोविंद की बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर विभागीय नियमों के तहत कार्यवाही की गई।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत लेवल 3 के चार दिवसीय ग्राम स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण का शुभारंभ

**मुंगेली।** जल जीवन मिशन अंतर्गत लेवल 3 के चार दिवसीय ग्राम स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण का शुभारंभ 20 सितम्बर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली व छतिशगढ़ शासन के सहयोग से ग्रामोद्योग संस्थान के तत्वाधान में जिले के पथरिया ब्लॉक के 25 ग्रामों के 66 ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्य व आईएसए के सदस्यों ने भाग लिया। चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कस्तूरी होटल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में समस्त प्रतिभागियों को पंजीयन कर प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई। मां सरस्वती पूजन कर प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया। ग्रामोद्योग संस्थान मण्डला द्वारा आयोजित जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के द्वारा तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहला चरण 20 से 24 सितंबर, दूसरा चरण 25 से 28 सितम्बर एवं तीसरा चरण 30 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीओ सुनखुशरे एवं सब इंजीनियर पीएचई करैया उपस्थित रहे तथा उन्होंने समस्त प्रतिभागियों को संबोधित किया। समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों में अंतर निहित जानकारी का विश्लेषण किया गया। सुधीर परवार और द्वारा चार दिवसीय कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा प्रतिभागियों को बताई गई। जल जीवन मिशन की अवधारणा उद्देश्य व उसके लक्ष्य तथा उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। घनश्याम साहू द्वारा जल जीवन मिशन के प्रमुख घटक तथा उनके कार्य प्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। शिव कुमार द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर चर्चा की गई।




# मिनीमाता सम्मान के लिए नामांकन 10 अक्टूबर तक

**मुंगेली।** महिलाओं के उत्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 01 महिला या अशासकीय संस्थाओं से मिनीमाता सम्मान हेतु 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महिला उत्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 01 महिला या अशासकीय संस्थाओं को प्रतिवर्ष राज्य स्तर पर मिनीमाता सम्मान के तहत 02 लाख रूपए तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय महिला बाल विकास विभाग कक्ष क्रमांक 256 में निर्धारित तिथि तक नामांकन जमा किया जा सकता है।



# एनटीपीसी कोरबा के नैगम समाजिक दैत्व्य के तहत ग्राम धनरास में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित ग्राम धनरास में तीन दिवसीय महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट पवित्र का कार्यक्रम चलाया गया। सी.एस.आर. एनटीपीसी कोरबा और व्यक्तित्व विकास केन्द्र कोरबा (आर्ट ऑफ लिविंग) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रोजेक्ट पवित्र के समापन समारोह 20.09.23 को संपन्न हुआ, जिसमें मति मधुमति राव मैडम, अध्यक्षा, मैत्री महिला समिति एनटीपीसी कोरबा की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं जिसके निदान वा राहत के उपाय पवित्र प्रोजेक्ट शिविर में बताये गये। साथ ही महिलाओं को योग आसन, मुद्रा, भस्त्रिका, मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। शिविर में लगभग 70 युवतियां व महिलाएं लाभान्वित हुए। शिविर में सम्मिलित सभी युवतियों एवं महिलाओं ने बारी - बारी से शिविर के संबंध में अनुभव साझा करते हुए एनटीपीसी द्वारा किये जा रहे ऐसे जन उपयोगी शिविर के लिए अपनी खुशी जाहिर किये। अध्यक्षा मैत्री महिला समिति मधुमति राव ने अपने उदबोधन में पवित्र प्रोजेक्ट शिविर की महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी महिलाओं को शिविर में सिखाये गये नियमों का नियमित पालन करने हेतु प्रेरित करते किए एवं सभी की उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अपने सामाजिक कल्याण शाखा मैत्री बंधन के तहत मैत्री महिला समिति द्वारा शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं को मेडिकल किट प्रदान किया गया। शिविर में मैत्री महिला समिति के अन्य पदाधिकारी, सी.एस.आर. के प्रतिनिधि, व्यक्तित्व विकास केन्द्र के प्रशिक्षक एवं गाँव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी सत्र में, नैगम सामाजिक दायित्व के तहत 21.09.23 को प्रातः 06:30 बजे एनटीपीसी कोरबा सी.एस.आर. द्वारा परियोजना प्रभावित गाँव धनरास में मैराथन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गाँव के लगभग 150 युवक युवतियां, महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। यह आयोजन एनटीपीसी कोरबा सी एस आर एवं व्यक्तित्व विकास केन्द्र (आर्ट आफ लिविंग) के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श ग्राम की संकल्पित योजना के अन्तर्गत किया गया। मैराथन में जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा की ओर से छत्रपाल कंवर की गरिमामयी उपस्थिति के साथ ही सी एस आर के अधिकारीगण एवं गांव के गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सी.एस.आर. एनटीपीसी कोरबा एवं व्यक्तित्व विकास द्वारा 8 दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 21 सितम्बर 2023 तक एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रभावित ग्राम धनरास में आयोजित किया गया, जिसमें 50 प्रशिक्षणार्थीयों (युवक एवं युवतियां) ने योग, ध्यान, प्रणायाम एवं सुदर्शन क्रिया के साथ साथ आत्मरक्षा वा नेतृत्व क्षमता का विकास, स्वयं व राष्ट्र के लिए नेतृत्व शक्ति का विकास, संचार, कौशल और सार्वजनिक सेवा की कला, टाइम मैनेजमेंट और माइंड मैनेजमेंट सीखा, साथ ही युवाओं ने नशा न करने का संकल्प लिया।

अन्य सीएसआर और कल्याणकारी



# महिला आरक्षण बिल पास होने पर संसदीय सचिव ने कहा राजीव गाँधी की महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण की परिकल्पना होगी पूरी



यूडी मिंज ने देश की महिलाओं को दी बधाई

**जशपुरनगर।** महिला आरक्षण पर संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण की परिकल्पना की थी, पहली बार राजीव गांधी स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने संबंधी विधेयक लाए थे, जिसे नरसिम्हा राव सरकार ने पारित किया। वर्ष 2008 में पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने महिला आरक्षण बिल को राज्यसभा में भारी बहुमत से पारित कराया था। इसके बाद बिल को जब लोकसभा में रखने का प्रयास किया, तब भाजपा सांसदों ने इसका घोर विरोध किया था। देशभर में स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला प्रतिनिधि हैं। यह कांग्रेस के सोंच और प्रयास का परिणाम है महिलाओं के लिए राजनीति में जिस आरक्षण की परिकल्पना स्व. राजीव गांधी ने की थी, वह इस बिल के पारित होने से पूरी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ साल से इस बिल को अटका रखा था। अब बिल पास होने पर उन्होंने महिलाओं को बधाई दी। राजनीतिक मजबूरी और आगामी लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा को महिला आरक्षण बिल लाना पड़ा। बावजूद इसके कांग्रेस पार्टी इस फैसले का स्वागत एवं समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर भारत को दुनिया में अग्रणी देशों की श्रेणी में खड़ा करने में महिलाओं की बराबर की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास होने से महिलाओं को उनका अधिकार प्राप्त होगा। व बिल में जिस तरह से जनगणना और परिसीमन का पेच जोड़ा गया है, उससे भाजपा की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं।

# ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त बना रहा है रीपा योजना, अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स सम्मेलन में अमिट छाप जशपुर का



जिले के रीपा में उत्पादित विभिन्न उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी अलग पहचान बना रहे

**जशपुरनगर।** जिले में स्व सहायता समूहों के द्वारा आजीविका के विभिन्न माध्यमों से जुड़कर रीपा अंतर्गत् अनेक गतिविधियॉ की जा रही है। जिले के रीपा फरसाकानी और विभिन्न अन्य रीपा समूहों के स्व सहायता समूह और जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्य, वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। पोषण और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए मिलेट्स पर 21 से 23 सितंबर 2023 तक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान सोनीपत हरियाणा कुंडली में आयोजित किया गया। वे रीपा जशपुर और पूरे जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। तकनीकी सहायता एजेंसी वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यह प्रतिनिधिमंडल वैश्विक मंच पर अमिट छाप छोड़ रहा है। तीन दिनों तक चलने वाला यह सम्मेलन महीनों की सावधानी पूर्वक योजना और समन्वय का परिणाम है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने समूह के सदस्यों और रीपा जशपुर से जुड़े अन्य उद्यमियों के लिए एक एक्सपोजर विजिट और व्यापक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका प्राथमिक उद्देश्य दुनिया को जशपुर जिले से उत्पन्न बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रदर्शन करना था। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में स्व सहायता समूह से अल्पना केरकेट्टा, सीमा बाई और अर्चना, जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के अनेश्वरी भगत और वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के कुशल यादव, केतन वारिकू शामिल हैं। स्व सहायता समूह और निर्माता कंपनी समुदायों में निहित समर्पण और कौशल के चमकदार उदाहरण के रूप में खड़े हैं। उनका प्रतिनिधित्व ग्रामीण उद्यमिता में जमीनी स्तर की पहल की क्षमता और कौशल का उदाहरण देता है। सम्मेलन के पहले दिन जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, क्योंकि स्व सहायता समूह, रीपा उद्यमियों और निर्माता कंपनी के सदस्यों ने उद्योग के दिग्गजों, निफ्टम और अन्य अग्रणी खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रतिष्ठित खाद्य वैज्ञानिकों के साथ सार्थक बातचीत की। विचारों और अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान क्षेत्र में आगे के नवाचार और विकास के लिए उत्प्रेरक बनने का वादा किया गया।

# कलेक्टर ने विकासखण्ड के मनियारी नदी के तट पर स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों का भकुरीडीह का भ्रमण किया



**मुंगेली।** कलेक्टर ने पथरिया विकासखण्ड के मनियारी नदी के तट पर स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्राम सल्फा, खपरी, सांवा, चुनचुनिया तथा भकुरीडीह का भ्रमण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा नगर पंचायत सरगांव के रविदास महाविद्यालय में राहत शिविर में ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने शिविर में आवास, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने, पात्रता अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ देने तथा क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा राहत सामग्री प्रदान भी किया और बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर लोरमी एसडीएम श्री बी. आर. ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में राहत व बचाव हेतु हेल्प लाईन नंबर जारी

जिले में बाढ़ एवं आपदा जैसी स्थिति निर्मित होने तात्कालिक राहत उपाय करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 7489583575 जारी किया गया है। इस नम्बर पर बाढ़ एवं आपदा में फंसे होने की स्थिति में 24'7 घंटे तत्काल सहायता के लिए काल कर सकते हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 116 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### चेतक हाथी कटघोरा वनमंडल में ले चुका है 4 लोगों की जान

# चेतक हाथी को काबू करने कुमकी हाथी को बुलाने वन विभाग ने मांगी अनुमति

**कोरबा।** कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहे चेतक हाथी ने एक सप्ताह के भीतर चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया हैं। जिसके बाद से लगातार क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। वन विभाग के अधिकारी व ट्रैकरों की टीम लगातार उसके उत्पात को रोकने में प्रयास में जुटी हुई है। इसके बाद भी कोई ठोस सफ्लता नहीं मिल रहा पा रही है। बताया जाता है कि चेतक के आक्रामक रुख व खतरे को देखते हुए वन विभाग द्वारा पीसीसी वाइल्ड लाइफ को पत्र लिखकर चेतक को कंट्रोल करने के लिए कुमकी हाथी मंगाने की दिशा पर पहल की जा रही है। हालांकि अभी इसकी अनुमति नहीं मिली है। कटघोरा वनमंडल में हाथियों को उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। खासतौर पर चेतक हाथी सबसे अधिक उत्पात मचा रहा है जिसे रोकने के लिए वन विभाग के वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत अपने टीम के साथ लगातार ड्रोन कैमरा व ट्रैकरो के साथ प्रयास में जुटे हुए हैं ताकि अब कोई जनधन की हानि ना हो लेकिन इसके बाद भी लगातार जंगल में खतरा बना हुआ है। वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि चेतक हाथी को कंट्रोल करने के लिए तैमूर पिंगला से कुमकी हाथी मंगाने के लिए पीसीसी वाइल्ड लाइफ को पत्र लिखकर रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी है। यदि पीसीसी वाइल्डलाइफ से इसकी अनुमति मिलती है तो आने वाले कुछ दिनों में जल्द ही चेतक हाथी व कुमकी के बीच द्वंद होगा और उसे उसके झुण्ड से मिलाने का प्रयास होगा यदि इसके बाद भी बात नहीं बनी तो चेतक हाथी का रेस्क्यू कर उसे तैमूरपिंगला रेस्क्यू सेंटर भेजने पर भी विचार किया जा सकता है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी भी इस मामले को लेकर कुछ भी कहने में कतरा रहे हैं। अभी वन विभाग चेतक को कंट्रोल कर झुण्ड से मिलाने का प्रयास कर रही है ताकि आने वाले दिनों में कुमकी हाथी बुलाने या रेस्क्यू करने की आवश्यकता ना पड़े। बिलासपुर व राजधानी के वन विभाग के अफ सर भी चेतक के हर गतिविधियों की रिपोर्ट ले रहे हैं और नजरें जमाए हुए हैं। पूर्व में कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों को कंट्रोल करने के लिए कुमकी हाथियों को तैमूरपिंगला से बुलाया जा चुका है। गणेश नामक दंतैल हाथी को रेस्क्यू करने के लिए पूर्व में कुदमुरा में कुमकी हाथी और गणेश के बीच आमना-सामना हुआ था। जहां वन विभाग गणेश का सुरक्षित रेस्क्यू करने में कामयाब हुई थी। इसी तरह अब फिर से चेतक को कंट्रोल करने के लिए कुमकी हाथी का सहारा लेने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि पीसीसी वाइल्डलाइफ से इसकी अनुमति मिलने के बाद तेमूरपिंगला कुमकी हाथी का एक दल कटघोरा पहुंचेगा। कुमकी का उपयोग जंगली हाथियों को पकड़ने, शांत करने, चराने के लिए या संघर्ष की स्थिति में जंगली हाथियों को दूर ले जाने के लिए किया जाता है। कुमकी वह हाथी नहीं हैं जो भारतीय मंदिरों में व्यापक रूप से पाए जाते हैं। यह शब्द विशेष रूप से प्रशिक्षित मादा हाथियों के लिए प्रयोग किया जा सकता है जिनका उपयोग प्रलोभन के रूप में किया जाता है। कुमकियों को विशेषज्ञ महावतों द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है, जिनमें से कुछ कट्टुनायिका आदिवासी समुदाय से हैं जिन्हें जंगली हाथियों के बारे में गहन ज्ञान और समझ के लिए जाना जाता है। कुमकी अन्य बंदी हाथियों के समान नहीं हैं।



# 'समावेशी शिक्षा के अंतर्गत वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम' का किया शुभारंभ



**मुंगेली।** विकासखंड स्रोत केंद्र मुंगेली में 'समावेशी शिक्षा के अंतर्गत वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आईड प्रभारी अशोक कुमार कश्यप एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। खंड प्रभारी आईडी संजीव सक्सेना एवं स्पेशल एजुकेटर कौशल पात्रे ने उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में प्रत्येक संकुल से दो शिक्षक दो पालक एवं एक दिव्यांग एवं एक सामान्य छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई थी। उपरोक्त प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सात बिंदुओं को शिक्षकों पालकों एवं बच्चों को आईडी प्रभारी, स्पेशल एजुकेटर एवं अन्य मास्टर ट्रेनर के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया जिसे शिक्षक विद्यालयों में सामान्य एवं दिव्यांग बच्चों को एक साथ शिक्षा देकर उन्हें मुख्य धारा में जोड़े रखेंगे। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई, सहायक जिला परियोजना समन्वयक यू.के. शर्मा पेडागाजी प्रभारी संजय साहू का आगमन हुआ। विकासखंड आईड प्रभारी संजीव सक्सेना एवं स्पेशल एजुकेटर कौशल पात्रे के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय स्तर पर 21 प्रकार के दिव्यंगता का चिन्हांकन करते हुए एक साथ शिक्षा दी जाए और उन्हें मुख्य धारा में जोड़कर रखे इसके लिए शिक्षक एवं पालक दोनों को अपनी-अपनी भूमिका जिम्मेदारी के साथ पूरी करनी होगी। जिला प्रभारी अशोक कश्यप कर के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए स्वयं रचित अपनी कविता का पाठ कर बच्चों को प्रेरित किया गया। संजय साहू ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी शिक्षकों पालकों बच्चों को 100: मतदान के महत्व को बताते हुए शपथ दिलवाया गया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निभाया वादा, कनेचुर हाईस्कूल व दुर्गूकोंदल माध्यमिक शाला का हुआ उन्नयन, विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने जताया आभार

अशोक जैन

**कांकेर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना वादा निभाया है। सीएम बघेल ने कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के कनेचुर हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी व दुर्गूकोंदल पूर्व माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन किया है। सरकार ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

दोनों स्कूलों के उन्नयन के लिए स्थानीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने विशेष प्रयास किए थे। जिसका आज प्रतिफल मिला है। उन्होंने इस फैसले पर खुशी जताई है। साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनवरी महीने के पहले सप्ताह में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के भानबेड़ा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में ग्राम कनेचुर



निवासी दिव्यांग छात्रा भावना साहू ने अपने गांव में हायर सेकण्डरी स्कूल खोलने मांग की थी।

इस दौरान भावना ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे कक्षा 10वीं तक पढ़ चुकी हैं, उनके गांव में हाई स्कूल है। गांव में हायर सेकंडरी (12वीं) स्कूल नहीं है। इस वजह से वह आगे नहीं पढ़ पाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निवेदन है कि मेरी आगे की पढ़ाई के लिए कनेचुर में हायर सेकंडरी स्कूल खोला जाए। इस मांग पर सीएम ने कहा कि प्रदेश के किसी भी बच्चे को बढ़ाई में कोई बाधा नहीं आने दूंगा ये मेरा वचन है। हमारे बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मिले, इसके लिए हम हर प्रयास जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कनेचुर में हायर सेकंडरी स्कूल खोलने की घोषणा की, जो अब पूरा हो गया है। उन्होंने अपना वादा निभाया है।

मंत्रालय से इसका आदेश 22 सितंबर 2023 को जारी हो गया है। जारी आदेश के मुताबिक, हाईस्कूल कनेचुर का हायर सेकेंडरी में उन्नयन किया गया है। उन्नयन के लिए पदों की स्वीकृति दे दी है। व्याख्यता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक ग्रेड 3, भृत्यु की भर्ती होगी।

इसके साथ ही कांकेर जिला के दुर्गूकोंदल के कन्या पूर्व माध्यमिक शाला का हाईस्कूल में उन्नयन किया गया है। इसके लिए पदों की स्वीकृति दे दी है। प्राचार्य व्याख्यता, सहायक ग्रेड 2, भृत्य, चौकीदार स्वच्छक (अंशकालीन) की भर्ती की जाएगी।

आदेश के में कहा है कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक बजट में कांकेर जिले में टी संवर्ग के तहत 2 प्राथमिक शाला का पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन, 8 पूर्व माध्यमिक शाला का हाईस्कूल में उन्नयन एवं 20 हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन किया है। इन शालाओं के लिए पदों की सृजन की सहमति प्रदान कर दी है।

## सार-समाचार

### पॉलीकैब इंडिया की अब एक नई ब्रांड पहचान - 'आइडियाज कनैक्टेड'

**रायपुर।** भारत की सबसे बड़ी वायर और केबल निर्माता और सबसे तेजी से बढ़ती एफएमईजी कंपनियों में से एक पॉलीकैब इंडिया ने अपनी एकदम नई ब्रांड पहचान को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई फिलॉस्फी का भी खुलासा किया है। नई ब्रांड पहचान और नई फिलॉस्फी में कंपनी का भविष्य का बिजनेस रोडमैप झलकता है। प्रोजेक्ट लीप के तहत पॉलीकैब एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। तारों और केबलों के निर्माण में अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध होने के बावजूद, पॉलीकैब आधुनिक जीवन को सुरक्षित, सुविधाजनक और सस्टेनेबल बनाने के लिए बेहतर इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज पेश करने का प्रयास कर रही है। खास बात यह है कि इस दिशा में कंपनी लगातार अपने क्षितिज का विस्तार करने की दिशा में जुटी हुई है। कंपनी की रीब्रांडिंग सिर्फविज़ुअल आइडेंटिटी या ब्रांड आर्किटेक्चर में बदलाव नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी फिलॉस्फी है, जो इनोवेशन, टैक्नोलॉजी, सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी के प्रति पॉलीकैब की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इन सबसे ऊपर है ब्रांड का उद्देश्य यानी 'सभी को एक उज्जवल भविष्य से जोड़ना'। ब्रांड की यह नई विचारधारा दरअसल इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस मार्केट में ग्राहकों की पसंद का अग्रणी ब्रांड बनने के पॉलीकैब के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रांड रिफ्रेश की कल्पना और डिजाइन इंटरब्रांड ने की है।

### नीलसन मीडिया इंडिया के एक अध्ययन से पता चला है कि Amazon.in सबसे प्रमुख, भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग ब्रांड बनकर उभरा है

**रायपुर।** अमेजन इंडिया के लिए नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन* के मुताबिक, पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81त्न ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है; 78त्न ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक विशाल संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतरीन ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि 68त्न उपभोक्ताओं के लिए Amazon.in उनका पसंदीदा और सबसे सुविधाजनक ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य है और लगभग आधे लोगों ने Amazon.in को त्योहारी खरीदारी के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन ब्रांड माना है; 75% उपभोक्ताओं को Amazon.in पर उत्पादों और ब्रांडों का सबसे विशाल संग्रह मिलता है। इस अध्ययन के बारे में बात करते हुए, अमेजन इंडिया के इंडिया कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा, त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि पूरे भारत में उपभोक्ता Amazon.in को सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य मानते हैं। एक मार्केटप्लेस के रूप में, हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए उत्साहित हैं, और इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि 'अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल' 2023' पूरे भारत में उपभोक्ताओं के लिए एक निर्बाध खरीदारी अनुभव, अविश्वसनीय कीमतें, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और उत्पादों का विशाल संग्रह और बेजोड़ सुविधाएं पेश करेगा।

### आबकारी विभाग ने 2 प्रकरणों में 250 लीटर अवैध शराब किया जप्त

**गरियाबंद।** आबकारी विभाग गरियाबंद ने अवैध शराब के मामले में छापामार कार्यवाही करते हुए 2 प्रकरणों में ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 250 लीटर शराब जप्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त देवभोग अंतर्गत ग्राम निष्ठीगुड़ा निवासी पिताम्बर से ओड़िसा प्रांत से एक मोटरसाईकिल में 1 जूट बोरी के अंदर 250 पाउच ट्रिपल घोड़ा छाप उड़िसा प्रांत की कच्ची शराब परिवहन करते हुए बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसी प्रकार वृत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम सुरूंगपानी बांजीपानी उड़िसा मार्ग में जंगल में तालाशी लिये जाने पर एक बोरी में जेब्रा छाप पाउच एवं 4 जरिकेन में भरी हुए 140 बल्क लीटर कुल मात्रा 180 बल्क लीटर ओड़िसा प्रांत की कच्ची शराब बरामद कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों प्रकरणों में बोरी के अंदर ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 110 बल्क लीटर एवं 4 नग 35-35 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई कुल 140 बल्क लीटर कुल महायोग 250 बल्क लीटर ओड़िसा प्रांत निर्मित देशी कच्ची शराब बरामद की गई। दोनों प्रकरणों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जा रहा है जागरूक




### गीदम और बारसूर नगर पंचायतों में भी किया गया डोर टू डोर सर्वे

दंतेवाड़ा (भारत भास्कर )। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार और सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में घर-घर जाकर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं को मतदान करने के लिए एक अच्छा संदेश देकर मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है । जिससे जिले की मतदान का प्रतिशत बढ़ सके और मतदाता जागरूक भी हो सके। दंतेवाड़ा जिले के सभी निकायों में डोर टू डोर सर्वे के दौरान हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी भी लिया जा रहा है। जहां पिछले विधानसभा में जिन नगर निकाय क्षेत्र में जहां मतदान का प्रतिशत कम था वहां-वहां पर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इस क्रम में गीदम और बारसूर नगर पंचायतों के वार्डों डोर टू डोर सर्वे किया गया और नागरिकों को जानकारी दी गई कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त मतदान का अधिकार यहां के नागरिकों को प्राप्त अधिकारों में सबसे सशक्त अधिकार है। इसके उचित उपयोग करने हेतु परिवार, गांव तथा शहर के नागरिकों को जागरूक करने में विद्यार्थी तथा शिक्षको की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इसके साथ ही जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हाट बाजार में कला जत्था, स्कूल, आश्रम शाला, पोटाकेबिन एवं लाइवलीहुड कॉलेज में विद्यार्थियों के द्वारा रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिलेझर में एनएसएस दिवस मनाया



अशोक जैन

**कांकेर।** स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता का शपथ लेकर विद्यालय परिसर एवं बाजार, चौक-चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद सभा भी हुई स्वयंसेवक लक्ष्मी, कीर्ति यामिनी, पायल एवं साथियों द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी अमित सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कृति पोया, रोशन? सिन्हा, टोमनलाल तारमेंद्र तथा रोहिणी तिवारी ने अपने विचार रखें। भूमिका सिंहा द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद घरत व आभार प्रदर्शन विजय राय ने किया। इस मौक पर प्राचार्य हिमालय सिंह गंगराले, वरिष्ठ व्याख्याता राजेश कोमरा, स्मिता शर्मा, रेखा रावत साहू, श्वेता डेविड, मिनती सरकार ,कमलेश्वर सिंहसार, तरुणा प्रधान, संगीता कोरिया ,मोनिका खत्री, पूजा वैष्णव, टोमन लाल तारमेंद्र, मुकेश सिंहा, अभिजीत सरकार, हेमंत कोरेटिया, लखन ठाकुर, अवध मंडावी, राजेश महावीर, विजय राय, संतोष निषाद आदि उपस्थित थे

### कांग्रेस सिर्फ वादा खिलाफी जानती है, सरकार बनते ही कच्चे कर्मचारियों को हम करेंगे पक्का - तरुणा

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता, बस्तर लोकसभा सचिव तरुणा साबे ने अतिथि शिक्षकों के आंदोलन को समर्थन दिया। नियमितीकरण और वेतन विसंगति दूर करने की मांग लेकर लगभग 2500 अतिथि शिक्षकों के साथ मिल कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज के निवास का घेराव भी किया गया। इस समर्थन में उनके साथ युवा जिलाध्यक्ष शुभम सिंह, उपाध्यक्ष ईश्वर कश्यप, एसटी विंग अध्यक्ष सोनुराम, ओबीसी विंग अध्यक्ष श्याम लाल सोनी, सचिव शिवा स्वर्णकार, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष जोगाराम, जिला कोषाध्यक्ष दंतिराम पोयम, सुखमन कोहरामी, बोमड़ा मंडावी, लखेश्वर कवासी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्यापारियों के साथ सिहावा रोड की चिखली सड़क पर उतरी विधायक रंजना साहू

**धमतरी।** धमतरी की बदहाल सड़क की स्थिति से शहर एवं ग्रामीणजन सभी वाकिफ हैं,आमजन को जान जोखिम में डाल कर सफर करना पड़ रहा है,वहीं इस पीड़ा से सबसे ज्यादा सिहावा रोड के व्यापारी पीड़ित हैं,जिनकी समस्या को देखते हुए विधायक रंजना साहू सिहावा रोड के व्यापारियों के बीच पहुंची और व्यापारियों के साथ चिखले रोड में पैदल चलीं और पीडब्लूडी के अधिकारियों को बुलाकर तत्काल रोड की मरम्मत करने निर्देशित किया,व्यापारियों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि हम इतने परेशान हैं लेकिन कोई नेता जनप्रतिनिधि हमसे मिलने नहीं आया लेकिन विपक्ष में होने के बावजूद विधायक रंजना साहू हमारे बीच आई,प्रेस से बात करते हुए विधायक रंजना साहू ने कहा जनता को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसा दी है ये सरकार,सड़कों की हालत इतनी जर्जर है कि रोज सड़क हादसे हो रहे हैं सिहावा रोड की हालत तो इतनी खराब है कि प्रत्येक आने जाने वाले को जान का खतरा बना हुआ है लेखों कांग्रेस की इस सरकार को जनता की पीड़ा से कोई लेना देना नहीं है लोगों की जान खतरे में है लेकिन इस सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है,मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में धमतरी आये और उन्होंने धमतरी में सड़क बनाने की घोषणा की लेकिन आज तक कोई सड़क निर्माण की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हुई,जनता इतनी परेशान है लेकिन प्रशासन द्वारा मरम्मत के कार्य भी ठीक से नहीं हो रहे हैं आज हम व्यापारियों के बीच आये हैं और अधिकारियों को दो दिन के भीतर सड़क को अच्छे से मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया है और नहीं होने पर बड़ा आंदोलन जनता की समस्या को देखते हुए किया जाएगा हम धमतरी की जनता और व्यापारियों की हर समस्या में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं,वरिष्ठ व्यवसायी अर्जुनदास जैसवानी ने कहा हमने कई बार शासन प्रशासन से इस सड़क के निर्माण की मांग की है पर किसी का हमारी पीड़ा की ओर ध्यान नहीं है,सत्तारूढ़ किसी भी नेता को इस सड़क से कोई लेना देना नहीं है लेकिन हमारे एक आग्रह पर विधायक रंजना साहू हमारे बीच आई हैं और स्वयं पैदल चिक्खल भरी सड़कों पर चली हैं हमें विश्वास है अब प्रशासन जागेगा और तत्काल सड़क की मरम्मत होगी।

# ई-जनचौपाल में 64 आवेदन प्राप्त, निराकरण हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश

अशोक जैन

**कांकेर -** जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा लोगों की समस्या व षिकायतें सुनी जा रही है तथा उनका विधिवत निराकरण किया जा रहा है। आज आयोजित इस जनचौपाल में कलेक्टर ने जनपद कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीणों से जिला कार्यालय में प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनकी समस्या व शिकायतों से अवगत हुए और समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 64 आवेदन प्राप्त हुए तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ई-जनचौपाल में अंतागढ़ विकासखण्ड में 01, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 02, चारामा विकासखण्ड से 04, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 02, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 07




और नरहरपुर विकासखण्ड से 02 लोगों ने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 46 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल, सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर, एसडीएम कांकेर मनीष साहू, संयुक्त कलेक्टर आस्था राजपूत, विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता सतीश किण्डो सहित समाज कल्याण विभाग के उप संचालक मौजूद थे।

# लाइवलीहुड कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ चलाया स्वीप अभियान







**दंतेवाड़ा( भारत भास्कर )** भारत निर्वाचन आयोग समस्त निर्वाचनों में समाज के प्रत्येक वर्गों के मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी के लिए दृढ़ संकल्पित है इस भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज में शनिवार 23 सितंबर को स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया था, साथ ही इसी कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता भी रखी गई थी। स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता में युवा शक्ति, मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं को सशक्त बनाने, छात्रों को अपने मतदान अधिकारों का प्रयोग करने के लिए शिक्षित और प्रेरित करने, माता पिता और को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने सम्बंधी स्लोगन छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गये। इसके अलावा लाइवलीहुड कॉलेज के लैब एवं प्रांगण की साफ-सफाई की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 लाख से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** 5 ट्रक चावल भिजवाने के नाम पर 14 लाख 69 हजार 806 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सेवाराम वर्मा 50 वर्ष संकरी नेवल्को फैक्ट्री का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कल्पेश चोटवानी व राजीव सोनी ने प्रार्थी के फर्म को 5 ट्रक चावल भेजने के नाम पर 31,58,500 रुपए ले लिया और 2 ट्रक माल को भेजकर बाकी राशि का गबन कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 120 बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार में रखे हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर।** 36 मॉल के पार्किंग में खड़ी कार से अज्ञात चोर ने लेपटाप, मोबाइल चार्जर व चश्मा पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार खमारी 36 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी अल्टो कार को 36 सिटी मॉल के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने कार में रखे लेपटाप, चार्जर व चश्मा को पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी से मारपीट

**रायपुर।** घरेलू विवाद को लेकर पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया खिलेश्वरी साहू 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका पति आरोपी मनोज साहू ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पेमेंट नहीं देने पर युवक को पीटा

**रायपुर।** छेरीखेड़ी स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में पेमेंट नहीं देने की बात पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नंदलाल महतो 26 वर्ष गायकवाड़ कालोनी रिको का रहने वाला है। प्रार्थी अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट छेरीखेड़ी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी कुलदीप टंडन ने पेमेंट की बात को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते महिला समेत तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 74 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने यूनियन क्लब के पीछे लोहार गली में आरोपी दीपक साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी दीपु चंदेल 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब ज्ब्त किया है। इसी तरह राखी पुलिस ने ग्राम निमोरा में एक महिला सोनिया भारती 20 वर्ष को 21 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**रायपुर।** मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ऑक्सीजोन गार्डन के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सुभाष महानंद 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### डोडा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने डोडा खपाने ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 500 ग्राम डोडा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हीरापुर मार्ग पेट्रोल पंप के पास एक युवक मादक पदार्थ रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोबिन सिद्दकी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 4 किलो 500 ग्राम डोडा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

---

सुकमा विकास के पथ पर चल रहा है, इस गति को रुकने नहीं देना है

# छिंदगढ़ का ऐसा कोई गांव नहीं है,जो पक्की सड़क से ना जुड़ा हो-मुख्यमंत्री..

- मुख्यमंत्री ने सुकमा जिले को 273 करोड़ रूपए की विकास कार्यों की दी सौगात
- तालनार में बनेगा 30 बिस्तर वाला अस्पताल एवं छिंदगढ़ में रेस्ट हाउस

रायपुर/ संवाददाता




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज सुकमा जिले के छिंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 273 करोड़ रूपए की लागत वाले 137 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर सुकमा वासियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने आमसभा में छिंदगढ़ में रेस्ट हाउस और तालनार में 30 बिस्तर वाले अस्पताल निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने आमजनों की सुविधाओं में वृद्धि करते हुए पोरदेम मार्ग में पुलिया निर्माण, मनकापाल से पुसेर मार्ग स्थित मलगेर नदी में पुलिया निर्माण, हम्मीरगढ़ से लिटीरास के बीच बारू नदी में पुलिया निर्माण, सुकमा जिले के मनकापाल, किस्टाराम, जगरगुंडा, बस्तर जिले के पोटानार, धुरागांव गूमड़पाल में धान खरीदी केंद्र के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रोकेल से पेदारास के मध्य बारू नदी पर पुलिया निर्माण और केरलापाल से पोंगा भेज्जी मार्ग स्थित रेवड़ी नाला में पुलिया निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा आम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले सुकमा और छिंदगढ़ की स्थिति क्या थी और इन पांच सालों में क्या परिवर्तन आया, इसे आप से ज्यादा कोई नहीं जान सकता। पिछली बार मैं भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आया था उस दौरान आपने निर्माण कार्य, आजीविका से जुड़े अधोसंरचना और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की मांग की थी। सुकमा वो जगह थी जहां लोग दिन में भी दरभाघाटी पार कर आने से डरते थे और आज रात को भी मोटरसाइकिल से आते-जाते हैं। यह क्षेत्र अब आवागमन की सुरक्षा की दृष्टि से भी सुगम हुआ है। छिंदगढ़ का आज ऐसा कोई गांव नहीं है जो पक्की सड़क से ना जुड़ा हो। सुकमा ब्लॉक के अधिकांश गांव पक्की सड़क से जुड़ चुके हैं। कोंटा में भी अब पहुंच मार्ग और पक्की सड़कों का निर्माण तेजी से हो रहा है। पुल-पुलिया का निर्माण लगातार जारी है। जो स्कूल बंद थे, उन्हें हमने फिर से शुरू करवा दिए। पहले यहां पंचायत के चुनाव नहीं होते थे पहली बार है कि सुकमा जिले के हर पंचायत के चुनाव हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि आज मुझे इस बात की भी खुशी है एल्मागुड़ा में 15 अगस्त को पूरा गांव बिजली से जगमगा उठा। जहां बिजली नहीं पहुंच पा रही है। वहां सोलर लाइट पहुंचाया गया इसके जरिए बिजली पहुंची है। मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं थे, आज उन्हें राशन मिल रहा है, उनका राशनकार्ड, और मजदूर कार्ड बन गया है। उन तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। यह सब आपकी इच्छाशक्ति और शासन-प्रशासन के प्रतिबद्धता से संभव हो पाया है। इस सुदूर अंचल में आज आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल खुल रहे।

---

# अब मोबाइल एप से खरीदें ट्रेन की जनरल टिकट,लाईन लगाने की समस्या खत्म

- दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही

रायपुर/ संवाददाता

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है । इस श्रृंखला में ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है । इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकार टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की बाध्यता समाप्त हो गई है । इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है । यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथ सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है । यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं । इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं । उल्लेखनीय है कि स्टेशन से दूर रहने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को बढ़ाकर 25 किमी भी कर दिया गया है, अर्थात यात्रीगण स्टेशन से 25 किमी की दूरी से भी इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल' 2023 से सितंबर' 2023 तक कुल आरक्षित टिकटों की बूकिंग में 80 प्रतिशत से भी अधिक मोबाइल टिकटिंग से बुक किए गए ।

---

# 131 करोड़ रुपए से अधिक के 5293 कार्यों का किया लोकार्पण संपन्न हुआ

- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोंडागांव जिले को दी 403 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात
- हितग्राहियों को 13 करोड़ रुपए से अधिक राशि का चेक किया वितरित 246 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने रविवार 24 सितंबर को कोंडागांव जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान नवनिर्मित बस स्टैंड, सेंट्रल लायब्रेरी, आदिवासी विकास भवन सहित विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान जिलावासियों को 403 करोड़ 68 लाख रुपए के 6108 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया, जिनमें 131 करोड़ 4 लाख रुपए के 5293 कार्यों का लोकार्पण, 259 करोड़ 57 लाख रुपए के 813 कार्यों का भूमिपूजन और शासन की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को 13 करोड़ 06 लाख रुपए के राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कोकोड़ी में स्थापित हो रहे मक्का प्रसंस्करण संयंत्र के ट्रायल एंड टेस्टिंग के लिए मक्का खरीदी की शुरुआत भी की। मुख्यमंत्री श्री बघेल रविवार को विकास नगर स्टेडियम में आयोजित आमसभा में लोक निर्माण विभाग के सात करोड़ 32 लाख 88 हजार रुपए के दो कार्य, सेतु निर्माण विभाग के 15 करोड़ 28 लाख रुपए का एक कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 1 करोड़ एक लाख रुपए के 5 कार्य, जिला निर्माण समिति के 16 करोड़ 53 लाख 52 हजार रुपए के 39 कार्य।

---

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, भारत की संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और अन्य भाजपा सदस्य नई दिल्ली में अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को सुनते हुए।



---

गणेश विसर्जन के लिए उपयुक्त रहें व्यवस्था

# 30 सितम्बर तक पूरा करें शहर की सड़कों की मरम्मत का काम -भूरे

- सफाई में हील हवाला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, स्ट्रीट लाइट का हों मरम्मत, जोन कमिश्नर सुबह रोज भ्रमण कर मानिटरिंग करें



**रायपुर।** शहर की सड़कों की दुरूस्ती के लिए कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि नागरिक सुविधाओं को देखते हुए सड़कों के मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के भीतर हो जाना चाहिए। इसमें युद्ध स्तर पर कार्य करें। साथ ही नागरिक सुविधाओं से जुड़े हुए सभी कार्यों के लिए जोन कमिश्नर सुबह वार्डों में भ्रमण करें। लोगों की समस्या सुने और अविलंब उनका समाधान करें। यह निर्देश उन्होंने रेडक्रास सभाकक्ष में हुई बैठक में दिये। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों की सड़कों में जो गड्ढे है उनकी तत्काल मरम्मत कराएं और पेच वर्क करें। डॉ. भुरे ने शहर के विभिन्न सड़कों में 30 सितम्बर तक सुधार करने के लिए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी जोन कमिश्नर उनके अंतर्गत आने वाले वार्डों की सड़कों का स्वयं निरीक्षण करें। गणेश विसर्जन के समय जिन-जिन रास्तों से गणेश की झांकियां निकलेगी उन रास्तों को अनिवार्य रूप से सुधार करें ताकि झांकी निकलने के दौरान समितियों को परेशानी ना हो।

---

### 600 वर्गफीट तक काबिज 25 हजार गरीब बेघरों को बंटेगा निशुल्क पट्टा

**रायपुर।** राजधानी में सालों से नजूल की जमीन पर झोपड़ी बनाकर रहने वाले 25 हजार पात्र परिवार को 600 वर्गफीट तक की काबिज जमीन का निःशुल्क पट्टा मिलेगा। राजीव आश्रय योजना के तहत दो साल पहले शहरभर के कराए गए सर्वे के बाद मंगाई गई दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद बनी सर्वे सूची को इन दिनों जोन स्तर पर अंतिम रूप देने का काम जोर-शोर से चल रहा है। राज्य शासन की गाइड लाइन के आधार पर पात्र हितग्राहियों को सरकार अब उसी जमीन पर निःशुल्क पट्टा वितरित करेगी, जिस जमीन पर गरीब व जरूरतमंद परिवार सालों से काबिज है।रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में चिन्हांकित 25 हजार जरूरतमंद परिवारों को 600 वर्गफीट की काबिज जमीन का पट्टा निःशुल्क वितरित किया जाएगा। ऐसे लोग जो प्रतिबंधित जगह जैसे सड़क, तालाब किनारे, नहर, रेलवे पटरी किनारे या सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर रह रहे हैं, उन्हें पट्टा नहीं दिया जाएगा। सालों से आवास के लिए पट्टा की मांग कर रहे गरीब व आवासीहीन परिवारों को उनकी काबिज 600 वर्गफीट नजूल की जमीन पर पात्रता के आधार पर प्रदेश सरकार निःशुल्क पट्टा बांटने की तैयारी में है।

---

# चिटफंड कंपनी माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड की खिलौरा स्थित भूमि होगी नीलाम

- साढ़े चौदह हेक्टेयर से अधिक भूमि की नीलामी अभनपुर तहसील कार्यालय में 9 अक्टूबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के निवेशकों से राशि इकट्ठा कर ठगी करने वाली चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की खिलौरा गांव की साढ़े चौदह हेक्टेयर से अधिक जमीन को नीलाम किया जाएगा। चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर दूर्गा प्रसाद मिश्रा के नाम पर दर्ज खिलौरा के पटवारी हल्का नं. 11/3 में दर्ज कुल 36 खसरों की 14.620 हेक्टेयर भूमि की नीलामी अभनपुर तहसील कार्यालय में होगी। यह नीलामी आगामी 9 अक्टूबर 2023 को दोपहर 2 बजे से खुली बोली के आधार पर की जाएगी। नीलामी के संबंध में संपूर्ण जानकारी कार्यालयीन दिनों में अभनपुर तहसील कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अभनपुर तहसीलदार श्रीराम प्रसाद बघेल ने बताया कि चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के डायरेक्टर दूर्गा प्रसाद मिश्रा, निवासी रसूलगढ़ भूवनेश्वर के नाम पर अभनपुर तहसील के खिलौरा गांव में दर्ज भूमि की नीलामी छत्तीसगढ़ के निवेशकों के हितों के संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

---

कबीरधाम जिले के 73 गांव के 33 हजार 794 को शासन का लाभ

# बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को मिल रहा पौष्टिक चना का लाभ

- केबिनेट मंत्री अकबर ने बोड़ला विकासखंड के बैगा माड़ा क्षेत्र के 13 अतिरिक्त गांवों में स्वादिष्ट चना वितरण का शुभारंभ किया

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ सरकार की स्वादिष्ट चना वितरण योजना के माध्यम से प्रदेश के अनुसूचित एवं माडा क्षेत्रों में कुपोषण से मुक्ति के लिए स्वादिष्ट चना का वितरण किया जा रहा है। इससे कबीरधाम जिले के बैगा माडा क्षेत्र के ग्रामवासी लाभान्वित हो रहे है और प्रतिमाह चना का वितरण किया जा रहा है। इस योजना से जिले के 73 ग्राम पंचायत के 33 हजार 794 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बोड़ला के सामुदायिक भवन में बैगा माड़ा क्षेत्र 13 अतिरिक्त गांव के ग्रामवासियों को चना वितरण का शुभारंभ किया। इसमें शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 5 हजार 504 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को चना का वितरण किया। इसके पूर्व जिले के बैगा माडा क्षेत्र के 60 ग्राम पंचायत के 28 हजार 290 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को चना वितरण किया जा रहा है। शेष 13 बैगा माड़ा क्षेत्र के छूटे हुए हितग्राहियों को कैबिनेट मंत्री श्री अकबर के प्रयासों से सितम्बर माह से राशनकार्डधारी के हितग्राही को 05 रूपए की दर से 02 किलो चना वितरण किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री श्री



अकबर ने नगर पंचायत बोड़ला में 15 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड भी वितरण किया। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यूनिवर्सल पीडीएस योजना मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर लागू की गई यह योजना सर्वजन हिताय को ध्यान में रखकर लागू की गई है। इस योजना का ध्येय "सस्ता चावल सबका अधिकार" भी है। योजना के दायरे में लगातार परिवारों को शामिल होने से यह योजना सबकी योजना बन गई है। इस योजना में राज्य कोटवार से लेकर कलेक्टर तक तथा पार्षद से लेकर मंत्री तक सभी का राशनकार्ड बनाये जा रहे है। छत्तीसगढ़ के इस कल्याणकारी कदम से पूरे देश को दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिला बैगा बाहूल क्षेत्र है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में स्वादिष्ट चना वितरण की योजना प्रारंभ किया गया है, जिसका लाभ बैगा माड़ा क्षेत्र के निवासियों को मिल रहा है।केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने बैगा माड़ा क्षेत्र के 13 अतिरिक्त गांव के 5 हजार 504 बीपीएल राशनकार्डधारी परिवारों को शासकीय उचित मूल्य दुकान के माध्यम से चना वितरण किया। इसमें सेवा सहकारी समिति तरेगांव जंगल के 435 बीपीएल राशनकार्डधारी परिवार शामिल है। इसी प्रकार लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह बैरख के 383, जागरूक नागरिक महिला स्व सहायता समूह बोदा-47 के 477, सरस्वती महिला स्व सहायता समूह भांदा के 635, ग्राम पंचायत राजाढार के 393, ग्राम पंचायत पंडरीपानी के 466, जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह केसमर्दा के 719, ज्ञान गंगा महिला स्व सहायता समूह।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com